दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 17 अक्टूबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 298 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों का इस्तीफा



### आज होगा राज्य कैबिनेट का विस्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले आज राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

**11.30 बजे कैबिनेट विस्तार :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11:30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरूआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।




# गाजियाबाद-हापुड़ में सिर्फ ग्रीन पटाखों की अनुमति

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी की अहम गाइडलाइन, ई-कॉमर्स से बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** त्योहारों के मौसम में वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने गाजियाबाद और हापुड़ जनपदों के लिए ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग से जुड़ी नई गाइडलाइन जारी की है। यह आदेश 15 अक्टूबर 2025 को पारित उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया है और इसका प्रभाव तत्काल लागू होगा।







### केवल ग्रीन पटाखों की अनुमति

करंट क्राइम। जारी निर्देशों के अनुसार, गाजियाबाद और हापुड़ जिले में केवल ग्रीन पटाखों का ही निर्माण, विक्रय और उपयोग किया जा सकेगा। ये पटाखे एनईईआरआई (नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट) से प्रमाणित और पीईएसओ से लाइसेंस प्राप्त निमार्ताओं द्वारा बनाए गए होने चाहिए।

### बाहर के पटाखों की आवाजाही पर भी रोक

करंट क्राइम। किसी भी बाहरी क्षेत्र से पटाखों को ठउफक्षेत्र में लाने की अनुमति नहीं होगी। यदि ऐसे उत्पाद पाए जाते हैं, तो उन्हें तत्काल जप्त कर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन की सख्त निगरानी :** जिला प्रशासन और पुलिस को आदेशित किया गया है कि वे व्यापक प्रचार-प्रसार करें और गाइडलाइन के उल्लंघन पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पटाखे जलाने का समय भी तय

करंट क्राइम। जिला प्रशासन और पुलिस यह सुनिश्चित करेंगे कि पटाखों का उपयोग केवल निर्धारित समय में ही किया जाए—सुबह 6 :00 से 7 :00 बजे तक, रात 8 :00 से 10 :00 बजे तक। यह व्यवस्था दीपावली के एक दिन पहले और दीपावली के दिन लागू रहेगी।

### सिर्फ तीन दिन बिक्री की अनुमति

ग्रीन पटाखों की बिक्री 18 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2025 तक ही की जा सकेगी। इसके बाद किसी भी प्रकार की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। विक्रय केवल उन्हीं लाइसेंसधारक विक्रेताओं को करने की अनुमति होगी जिन्हें जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा नामित किया जाएगा।

### लड़ीदार पटाखों और ई-कॉमर्स बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध

- लड़ीदार पटाखों के निर्माण और बिक्री पर पूर्णत: रोक रहेगी।
- ऑनलाइन या ई-कॉमर्स नेटवर्क्स (जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि) के माध्यम से पटाखों की खरीद-फरोख्त सख्त वर्जित रहेगी। ऐसे किसी भी उत्पाद की आपूर्ति या स्टॉक पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा।





### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अपील

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जनमानस से अपील की है कि वे ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें, ताकि त्योहारों की खुशियों के साथ स्वच्छ हवा और स्वास्थ्य भी सुरक्षित रह सके।

## कोरोना काल के बाद पहली बार लगेंगे गाजियाबाद में पटाखों के बाजार

### कुल नौ स्थानों पर मिली है तीन दिन ग्रीन आतिशबाजी बेचने की परमिशन



### - आग से बचाव का भी ररखना होगा ध्यान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद दिल्ली-एनसीआर में लंबे समय बाद ग्रीन पटाखे की अनुमति मिली है। तो वहीं कोरोना काल के बाद पहली बार गाजियाबाद के अलग-अलग नौ स्थानों पर पटाखा बाजार सजेंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया है कि सिटी जोन के अंतर्गत रामलीला मैदान घंटाघर, थाना कोतवाली क्षेत्र, कवि नगर सी-ब्लॉक रामलीला ग्राउंड कवि नगर थानाक्षेत्र और रामलीला ग्राउंड सेक्टर-09 विजय नगर में दुकान लगेगी। तो वहीं इंदिरापुरम थाने के पीछे आवास विकास के मैदान थाना इंदिरापुरम, गोल मार्केट रामलीला ग्राउंड साहिबाबाद थाना साहिबाबाद और ऑक्सी होम्स के सामने खाली पड़े आवास विकास के मैदान में थाना टीलामोड़ में दुकानें लगाई जाएंगी। थाना अंकुर विहार नगर पालिका ग्राउंड गढ़ी कटैया थाना लोनी में लोनी इंटर कॉलेज ग्राउंड और केएन मोदी ग्राउंड मोदी नगर में ग्रीन पटाखे बेचने की अनुमति दी गई है।

### परमिशन के बाद लगेंगी दुकान, सुबह 10 से शाम 6 तक होगी बिक्री

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि इसके लिए बाकायदा परमिशन लेनी पड़ेगी। ग्रीन पटाखे की बिक्री सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। साथ ही यहां एनजीटी के नियमों का पालन करना होगा, तो वहीं आग से बचाव एवं सुरक्षा के सभी मानकों का भी पालन करवाया जाएगा।

### आग से बचाव के लिए 14 स्थानों पर तैनात की जाएगी दमकल की गाड़ियां



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में कुल 14 स्थानों पर दमकल विभाग की ओर से किसी भी आपात स्थिति एवं आग लगने की घटना को रोकने के लिए दमकल की 14 गाड़ियां तैनात की जाएगी, जो अलग-अलग फायर स्टेशनों से संबंधित रहेगी। उन्होंने जानकारी दी है कि इस दौरान घंटाघर कोतवाली, वैशाली फायर स्टेशन, साहिबाबाद, लोनी और मोदीनगर फायर स्टेशन के कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे। तो वहीं अतिरिक्त में भी उनको रखा जाएगा। फायर विभाग कंट्रोल रूम को मिलने वाली प्रत्येक सूचना पर जल्द से जल्द रिस्पांस भी करेगा।

### 10 × 10 से बड़ी नहीं होगी दुकान

करंट क्राइम : इस दौरान जो गाजियाबाद पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है उसमें साफ बताया गया है कि जो भी आतिशबाजी बिकेगी वह ग्रीन आतिशबाजी होगी। उसका लाइसेंस होना चाहिए, साथ ही दुकान जहां पर आतिशबाजी बेची जाएगी, वह दुकान 10 बाय 10 से अधिक बड़ी नहीं होनी चाहिए।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जमकर की शहर विधायक संजीव शर्मा की प्रशंसा

## कहा- वो मेरे छोटे भाई और मैं करता हूं उनके उज्जवल भविष्य की अनुशंसा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में जब अपनी-अपनी सियासी सीमाओं में होते हैं तो फिर जुबान से तारीफें निकलती हैं। इन दिनों कुछ ऐसा ही भगवा गढ़ में हो रहा है।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने दो दिन पहले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की जमकर तारीफ की थी। एक्शन का रिएक्श आया है और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की ओर से भी शहर विधायक संजीव शर्मा के लिय तारीफों का सैलाब आया है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैंने हमेशा से संजीव शर्मा को अपना छोटा भाई माना है और ये बात मैंने एक या दो मौकों पर नहीं बल्कि 50 बार कही है। उन्होंने कहा कि मैं संजीव शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि इस समय हम सभी जनप्रतिनिधियों में सामंजस्य हैं, सारे विधायक मेहनती हैं। उन्होंने फिर से संजीव शर्मा की तारीफ की।

### वो जबसे बने हैं शहर विधायक, नदिया पार की तरफ नहीं देखा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बात सियासी बॉर्डर की हुई तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि संजीव शर्मा जिस दिन से गाजियाबाद आए हैं उस दिन से उन्होंने साहिबाबाद की तरफ नहीं देखा है। बीच-बीच में आने के सवाल पर सुनील शर्मा ने कहा कि बर्थ-डे हो या कोई सामाजिक आयोजन हो तो बिल्कुल जाना होता है। वो महानगर अध्यक्ष रहे हैं, लिहाजा कार्यकताओं से एक संपर्क सेतु तीनों विधानसभाओं में रहता है और खुद के शहर विधानसभा में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं शहर विधायक तब रहा जब विधानसभा इस पार से लेकर उस पार आती थी और अध्यक्ष होने के नाते वो और विधायक होने के नाते मैं दोनों तरफ जाते हैं। इसमें कहीं कोई विरोधाभाष नहीं है और केवल शहर विधानसभा की बात नहीं है मेरे परिचित तो धौलाना, मुरादनगर में भी हैं और मैं वहां भी जाता हूं।

### क्यों बताया सांसद अतुल गर्ग को विद्वान और मंझा हुआ पॉलिटीशियन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जब कोई बात कहते हैं तो उसके प्रत्येक शब्द का अर्थ होता है। उनका कोई बयान व्यर्थ नहीं होता है। यहां जब वो शहर विधायक संजीव शर्मा की तारीफ कर रहे थे तो उन्होंने मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी की भी तारीफ की और कहा कि हम लोगों में आापस में बड़ा सामंजस्य है। राजनीतिक विषयों पर बात होती है। उन्होंने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की भी प्रशंसा की। सारे विधायकों को मेहनती बताया, लेकिन जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का नाम आया तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गियर बदला। उन्होंने सांसद को विद्वान बताया, मंझा हुआ पॉलिटीशियन बताया और उसके बाद वो खामोश हो गए। अब विद्वान और मंझा हुआ पॉलिटीशियन उन्होंने अन्य किसी को नहीं बताया। यहां उन्होंने सांसद से अपने तालमेल को बढ़िया बताया और बात जब मेयर सुनीता दयाल की आई तो उन्होंने कहा कि उनके पास तो शहर के विकास की चाबी है।

## मोदी नगर में गोली मारकर हत्या, इलाके में सनसनी





### जेल से हाल ही में जमानत पर आए युवक की हत्या की आरोपी पिता के हाथों वारदात, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदी नगर के विश्वकर्मा बस्ती में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 40 वर्षीय एहसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, एहसान कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था, जहां वह एक युवक की हत्या के आरोप में बंद था। मृतक वर्तमान में किन्नर समुदाय से जुड़ी निशा के साथ मेरठ के परतापुर क्षेत्र में रह रहा था। गुरुवार को वह अपने मकान पर सीकरी इलाके में आया था, तभी कुछ लोग आए और एहसान को गोली मार दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस का कहना है कि वारदात का आरोपी उस युवक का पिता है, जिसके हत्या के आरोप में एहसान जेल गया था।

एसीपी मोदी नगर का कहना है कि पुलिस घटना के सभी पहलुओं की छानबीन कर रही है और यह भी जांच रही है कि क्या यह हत्या सामुदायिक विवाद से जुड़ी हुई है।

# दीपावली पर रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाया गाजियाबाद

## कलेक्ट्ररेट रोड से लेकर मुख्य चौराहों पर लाइटिंग द्वार बने आकर्षण का केंद्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली महापर्व के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम ने शहर को आकर्षक बनाने में विशेष प्रयास किए हैं। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम प्रकाश विभाग ने शहर के प्रमुख चौराहे, मार्ग और ऐतिहासिक गेटों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया। जहां कलेक्ट्ररेट रोड पर द्वार बनाया गया है। लाइट के द्वार राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। निगम मुख्यालय और समस्त जोनल कार्यालयों पर भी पहली बार प्रोग्रामिंग वाली एलईडी पिक्सल लड़ी लगाई गई, जो बिजली की कम खपत के साथ शहर की खूबसूरती बढ़ा रही है।






### प्रमुख इलाके लाइटों से हुए रोशन

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने बताया कि हापुड़ चुंगी, ठाकुरद्वारा रोड, अंबेडकर रोड, मोहन नगर एलिवेटेड रोड, वसुंधरा रोड, पुराना बस अड्डा चौक, नेहरू नगर चौक, महावीर चौक, दुर्गा भाभी चौक और शहीद स्थल को भी सजाया गया। तो शहर पुराने डासना गेट, दिल्ली गेट, जवाहर गेट और सिहानी गेट को भी रंग-बिरंगी लाइटों से सजा कर दीपावली के अवसर पर शहर का सौंदर्य बढ़ाया गया।

# त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ते जाम के बाद ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

## आज से भारी तो 18 से हल्के वाहनों पर रहेगी रोक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी धनतेरस, दीपावली और भैया दूज के त्योहारी सीजन को देखते हुए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ट्रैफिक डायवर्जन और नो एंट्री योजना जारी की है। अम्बेडकर रोड, तुराब नगर, चौधरी मोड़, घंटाघर और जीटी रोड सहित प्रमुख बाजारों में बढ़ते जाम और पार्किंग की समस्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### आज से भारी वाहनों के लिए प्रतिबंध

करंट क्राइम : ट्रैफिक पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 24 अक्टूबर सुबह 11 बजे तक ट्रक, ट्रॉली, बस और अन्य भारी वाहनों की सिहानी गेट, मरेठ रोड तिराहा से घंटाघर, गौशाला फाटक और पुराना बस अड्डा मार्गों पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इन वाहनों को मेरठ तिराहा से एएलटी मार्ग होते हुए अपने गंतव्य तक जाना होगा।

### पार्किंग व्यवस्था



- घंटाघर रामलीला मैदान
- कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, नगर निगम रामतेराम रोड
- अम्बेडकर रोड, नेहरू युवा केंद्र

### 18 से हल्के वाहनों के लिए प्रबंधन

करंट क्राइम : 18 अक्टूबर सुबह आठ बजे से 22 अक्टूबर तक ऑटो, ई-रिक्शा और अन्य हल्के वाहनों का मार्ग पुराना बस अड्डा, चौधरी मोड़, मोहननगर और हापुड़ रोड तिराहा मार्गों पर नियंत्रित किया जाएगा।

# बच्चों की सेहत से फिर खिलवाड़!

## एंटीबायोटिक सिरप में निकले कीड़े, ड्रग विभाग ने जांच के लिए भेजे सैंपल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मासूम बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है। ग्वालियर के जिला अस्पताल मुरार में बच्चों को दी जाने वाली एंटीबायोटिक सिरप में कीड़े निकले। कुछ समय पहले जहरीली कफ सिरप से छिंदवाड़ा और बैतूल में 20 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई थी। ये मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि अब यह नया मामला सामने आ गया है।

### मां ने बच्चे को पिलाने से पहले देखा सिरप

यह मामला मुरार के प्रसूति गृह अस्पताल का है। यहां एक महिला अपने बीमार बच्चे को डॉक्टर को दिखाने आई थी। जांच के बाद डॉक्टर ने बच्चे के लिए एजिथ्रोमाइसिन ओरल सस्पेंशन सिरप लिखी। महिला जब दवा वितरण केंद्र से सिरप लेकर घर जाने लगी और उसे बच्चे को पिलाने के लिए खोला, तो अंदर उसे काले रंग का कीड़े जैसा कुछ दिखाई दिया।



**ग्वालियर के जिला अस्पताल मुरार में एंटीबायोटिक सिरप में कीड़े निकले**

घबराई हुई महिला तुरंत सिरप की शीशी लेकर अस्पताल पहुंची और सिविल सर्जन डॉ। आरके शर्मा को इसकी जानकारी दी।

शिकायत मिलते ही खाद्य और औषधि विभाग हरकत में आ गया। ड्रग इंस्पेक्टर अनुभूति शर्मा की अगुवाई में जांच टीम अस्पताल पहुंची। टीम ने दवा स्टोर से सिरप के सैंपल लिए और मौके पर ही एजिथ्रोमाइसिन सिरप के वितरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन वितरण केंद्रों पर यह सिरप पहले ही भेजी जा चुकी थी, वहां से इसे रिकॉल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मामले की गंभीरता देखते हुए विभाग ने सिर्फ एजिथ्रोमाइसिन सिरप ही नहीं, बल्कि कुछ अन्य बच्चों की दवाओं को भी जांच के दायरे में लिया है।

शुरूआती जांच में यह सामने आया है कि यह सिरप भोपाल स्थित सरकारी स्टोर से सप्लाई की गई थी। अब विभाग बैच नंबर के आधार पर जानकारी जुटा रहा है कि यह सिरप किन-किन जिलों में भेजी गई थी, ताकि वहां भी तुरंत रोक लगाई जा सके।

### दोष साबित होने पर सख्त कार्रवाई

ड्रग इंस्पेक्टर अनुभूति शर्मा ने बताया कि सिरप के सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं। यदि रिपोर्ट में अमानक या हानिकारक तत्व पाए जाते हैं, तो संबंधित कंपनी और सप्लायर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि जांच पूरी होने तक इस सिरप का वितरण और उपयोग पूरी तरह रोक दिया जाए।

## स्कूलों में गूंजा स्वच्छता का संदेश

### ग्लोबल हैंडवाशिंग डे पर 15,000 छात्रों ने लिया अभियान में हिस्सा



**नई दिल्ली।** बुधवार को वैश्विक हाथ धुलाई दिवस के मौके पर दिल्ली-एनसीआर के 50 स्कूलों के करीब 15,000 छात्रों ने एक बड़े स्वच्छता जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में हाथ धोने की आदत और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना था। इस दौरान छात्रों के लिए इंटरएक्टिव गतिविधियां, विशेषज्ञों द्वारा जानकारीपूर्ण सत्र, और लाइव डेमो आयोजित किए गए, जिनसे बच्चों ने सही तरीके से हाथ धोने की प्रक्रिया सीखी और स्वच्छ रहने के लाभों को समझा। एक बयान में कहा गया है कि यह कार्यक्रम इलनेस टू वेलनेस फाउंडेशन द्वारा फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (ढएऋक्ष) के सहयोग से ₹स्वस्थ हाथ, स्वस्थ बचपन₹ थीम के तहत आयोजित किया गया था। मुख्य समारोह सादिक नगर स्थित द इंडियन स्कूल में आयोजित किया गया और यह व्यापक इलनेस टू वेलनेस अभियान का हिस्सा था, जो निवारक स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक जागरूकता पर केंद्रित है।

यह अभियान 50 से ज्यादा निजी, सरकारी और सार्वजनिक स्कूलों में एक साथ चलाया गया, जिनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, ईस्ट ऑफ कैलाश; बिरला विद्या निकेतन, पुष्प विहार; शहीद राजपाल डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार; और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, बहादुरगढ़ शामिल हैं।

## रसगुल्लों में कीड़े और घी के पैकेट में मिली मिलावट

### गोरखधंधा करने वालों पर कार्रवाई




**खाद्य विभाग ने कीड़े मिलने पर 110 किग्रा रसगुल्लों को नष्ट करा दिया। वहीं गाय का घी पैक करने वाली कंपनी से 128 किलो मिलावटी घी जब्त की गई है। विभाग की ओर से रसगुल्लों और घी के साथ कुल 10 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर लैब में भेजे गए हैं।**

**नई दिल्ली।** शहर में मिलावटखोरों पर कार्रवाई जारी है। बुधवार को खाद्य विभाग ने कीड़े मिलने पर 110 किग्रा रसगुल्लों को नष्ट करा दिया। वहीं गाय का घी पैक करने वाली कंपनी से 128 किलो मिलावटी घी जब्त की गई है। विभाग की ओर से रसगुल्लों और घी के साथ कुल 10 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर लैब में भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती ने दनकौर पनीर भंडार से पनीर का नमूना लिया। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विशाल गुप्ता, रविंद्र नाथ वर्मा और अमर बहादुर सरोज की टीम ने सेक्टर डेल्टा वन स्थित बाबू रतन मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना लिया।

टीम ने मंगलवार देर रात जेवर टोल प्लाजा पर अलीगढ़ की तरफ से आने वाली पनीर और दूध की गाड़ियों की जांच की। मौके से मधु डेयरी मथुरा के दूध के टैंकर से दूध का नमूना लिया। साथ ही पडुआपुरा आगरा की श्री श्याम डेयरी की गाड़ी से पनीर का नमूना लिया गया है।

वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह, बिजय बहादुर पटेल व एसके पांडेय की टीम ने नोएडा के सोरखा गांव स्थित दशरथ सिंह की निर्माणशाला पर छापा मारा। यहां सप्लाई के लिए बनाए जा रहे रसगुल्लों का भंडारण मिला। जिसमें कीड़े पड़े थे। मौके पर 110 किग्रा रसगुल्ले नष्ट कराए गए। एक नमूना लेकर जांच को भेजा है।

यहीं पर नीरज बघेल की लड्डू विनिर्माणशाला से बेसन के लड्डू का नमूना लिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार व रविंद्र नाथ वर्मा के साथ इकोटेक-3 स्थित सेरेलैक इंडिया कंपनी पर छापा मारा।

कंपनी में गाय के घी और दूध पैकिंग व निर्माणशाला है। यहां से दूध और घी का एक-एक नमूना लिया गया। जबकि 128 किग्रा गाय का घी सीज किया गया है। प्रथम दृष्टया घी मिलावटी मिला। साथ ही उस पर निर्माण तिथि आदि अंकित नहीं थी और निर्माण संबंधी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर से।

# अबकी बार राजधानी में पर्यावरण संग उत्सव

## सात साल बाद दिल्ली के लोगों को आतिशबाजी की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोग करीब सात साल बाद दीपावली पर पटाखे जला पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट से ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति मिलने के बाद दिल्लीवासी बेहद खुश हैं। इससे उत्साहित दिल्ली सरकार ने इसके लिए कोर्ट का धन्यवाद किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि ये निर्णय देश की सांस्कृतिक संवेदनाओं और जनभावनाओं को समझने वाला कदम है, जो परंपरा और पर्यावरण संरक्षण दोनों के बीच सुंदर संतुलन स्थापित करता है।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पहुंचने के कारण राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), दिल्ली सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने साल 2015-16 से ही पटाखों पर नियंत्रण लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। साल 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिल्ली एनसीआर में पारंपरिक पटाखों की बिक्री और उपयोग पर अस्थायी रोक लगाई।

अदालत ने यह माना कि पटाखे प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक हैं। इनके प्रयोग पर सख्त नियंत्रण जरूरी है। तब से दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध रहा। इस साल सुप्रीम कोर्ट ने दीपावली पर 19 और 20 अक्तूबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात को 8 से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे जलाने की सशर्त छूट दी है। दिल्ली सरकार की ओर से अधिकृत विक्रेता ही ग्रीन पटाखे बेचेंगे।



फिलहाल सरकार ने साफ किया है कि अभी उसने किसी को भी ग्रीन पटाखे बेचने की अनुमति नहीं दी है। जल्द ही विश्वसनीय और सक्षम विक्रेताओं को अधिकृत लाइसेंस दिया जाएगा। इसके लिए बुधवार शाम को मंत्री ने दिल्ली के तमाम पटाखा दुकानदारों के साथ बैठक की है।

**दिल्ली सरकार कराएगी कोर्ट के निर्देशों का पालन :** बुधवार को सचिवालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि सरकार ज्यादातर दुकानदारों को लाइसेंस देगी, ताकि ग्रीन पटाखों की कालाबाजारी न हो। सबको आसानी से पटाखे उपलब्ध हों। दिल्ली पुलिस, एमसीडी, डीपीसीसी, सीपीसीबी सहित दिल्ली सरकार की अन्य जिम्मेदार एजेंसियां ग्रीन पटाखों की बिक्री, इन्हें जलाने के समय, कोर्ट के निर्देशों का पालन कराएंगी। उन्होंने दिल्लीवासियों से सरकार के साथ मिलकर नियमों का पालन कराने में सहयोग करने की अपील भी की है। मंत्री ने कहा है कि लोगों के सहयोग से दीपावली के पर दिल्ली की हवा बेहतर रही तो ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति आगे भी जारी रहेगी।

### क्यूआर कोड लगे ग्रीन पटाखे ही बिकेंगे

दिल्ली सरकार ने साफ निर्देश दिये हैं कि केवल नीरी की ओर से प्रमाणित क्यूआर कोड लगे ग्रीन पटाखे ही दुकानदार बेच पाएंगे।

इनकी बिक्री 18 से 20 अक्तूबर तक तीन दिन तक की जा सकेगी। ग्रीन पटाखों की बिक्री के स्थान और बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जिलाधिकारी और पुलिस उपायुक्त जल्द ही तय करेंगे।

# 'एअर इंडिया हादसे की हो पारदर्शी जांच'

## कैप्टन के पिता की सुप्रीम कोर्ट से गुहार



**नई दिल्ली।** जून में हादसे का शिकार हुए एअर इंडिया विमान के पायलट इन कमांड दिवंगत कैप्टन समित सभरवाल के पिता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर हादसे की निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रुप से सुदृढ जांच की मांग की है। दिवंगत कैप्टन सुमीत सभरवाल जून में अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया की दुर्घटना में पायलट-इन-कमांड थे। हादसे में 260 लोग मारे गए थे। उनके पिता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और मांग की है कि एयर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की दुर्घटना की सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ जांच करवाई जाए।

**दिवंगत कैप्टन सुमीत सभरवाल के पिता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया**

अहमदाबाद में एआई-171 विमान दुर्घटना में 260 लोगों की मौत के चार महीने बाद दिवंगत कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता ने दुर्घटना की न्यायिक निगरानी में जांच की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

88 वर्षीय पुष्करराज सभरवाल इस मामले में पहला याचिकाकर्ता है। वहीं, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स इस मामले में दूसरा याचिकाकर्ता है। याचिकाकताओं का तर्क है कि दुर्घटना की प्रारंभिक जांच बेहद दोषपूर्ण है। उनका कहना है कि जांच दल मुख्य रूप से पायलटों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो अब अपना बचाव करने में असमर्थ हैं। यह बात विमान दुर्घटना जांच बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद सामने आई है, जिसमें कहा गया था कि मानवीय भूल के कारण यह त्रासदी हुई।

याचिका में कहा गया है, जांच के मौजूदा तरीके के कारण इस त्रासदी के लिए ज़िम्मेदार अन्य अधिक विश्वसनीय तकनीकी और प्रक्रियात्मक कारकों की पर्याप्त जांच या उन्हें खारिज करने में विफलता हुई है। याचिका में आगे कहा गया है, याचिकाकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि चुनिंदा खुलासों के जरिए तथ्यात्मक गलत जानकारी, खासकर उन चालक दल के सदस्यों के खिलाफा जो अपना बचाव नहीं कर सकते, मूल कारण की खोज में बाधा डालती है और भविष्य में उड़ान सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है- इसलिए एक निष्पक्ष न्यायिक दृष्टिकोण की जरूरत है।

याचिका में पांच सदस्यीय जांच दल की संरचना पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि यह प्राकृतिक न्याय के उस मूल सिद्धांत का उल्लंघन करता है जिसके अनुसार किसी भी व्यक्ति को अपने मामले में स्वयं न्यायाधीश नहीं बनना चाहिए। इस दल में डीजीसीए और राज्य विमानन प्राधिकरणों के अधिकारियों का वर्चस्व है, जिनकी प्रक्रियाएं, निगरानी और संभावित चूक सीधे तौर पर जांच से जुड़ी हैं। इसके अलावा, ये अधिकारी एएआईबी के महानिदेशक के नियंत्रण में हैं।

# तेलंगाना सरकार को 'सुप्रीम' झटका

## ओबीसी को 42 प्रतिशत आरक्षण पर रोक का फैसला बरकरार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य सरकार ने ओबीसी वर्ग को स्थानीय निकाय चुनाव में 42 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। इससे पहले तेलंगाना हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार के इस फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के अंतरिम फैसले के खिलाफ तेलंगाना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट से भी उसे निराशा हाथ लगी है और सर्वोच्च अदालत ने याचिका खारिज कर दी।



जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार की विशेष याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय को मेरिट के आधार पर फैसला करना चाहिए और उसे राज्य सरकार की याचिका खारिज होने से प्रभावित नहीं होना चाहिए। सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ ने राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि चुनाव अधिसूचना से पहले आरक्षण क्यों नहीं लाया गया? इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि राज्यपाल ने बिना अनुमति दिए विधेयक को लंबित रखा था। सिंघवी ने कहा कि तमिलनाडु राज्यपाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद, विधेयक को 'मान्य अनुमति के आधार पर' कानून बना। उन्होंने आगे कहा कि कानून को कोई चुनौती दिए बिना ही स्थगन प्राप्त कर लिया गया है।

इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि स्थानीय निकाय चुनाव सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित त्रिस्तरीय परीक्षण (ळ१स्त्र'ी ळी२३) के ढांचे के भीतर होने चाहिए। राज्य सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया है, जिससे एससी (15 प्रतिशत) और एसटी (10 प्रतिशत) आरक्षण को मिलाकर कुल आरक्षण 67 प्रतिशत हो जाता है, जो ट्रिपल टेस्ट नियम का उल्लंघन है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस सरकारी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें 42 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के साथ 8 अक्टूबर को स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया था।

# सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील पर चलेगा अवमानना का केस, अटॉर्नी जनरल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। ऐसा इसलिए कि वकील के खिलाफ पर अवमानना का मुकदमा चलेगा। अटॉर्नी जनरल ने राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति दे दी है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई की जाए।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने दीवाली की छुट्टियों के बाद मामला सुनवाई के लिए लगाने का निर्देश दिया है। दरअसल, गुरुवार (16 अक्तूबर) को मामला न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ से अनुरोध किया कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई की जाए।



वरिष्ठ वकील विकास सिंह और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को जानकारी दी कि अटॉर्नी जनरल ने कार्यवाही की अनुमति दे दी है। सिंह ने इस दौरान कहा कि 6 अक्टूबर को हुई घटना को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हंगामा मचा हुआ है और इससे संस्थागत अखंडता और गरिमा को ठेस पहुंच रही है। जिस पर पीठ ने कहा कि अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार पूर्ण नहीं है और इसे दूसरों की अखंडता और गरिमा की कीमत पर नहीं छीना जा सकता।

**जानिए क्या था पूरा मामला? :** आपको बता दें कि 6 अक्टूबर को उस वक्त चौंकाने वाली सुरक्षा चूक सामने आई, जब 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने मुख्य न्यायाधीश की ओर उनके न्यायालय कक्ष में जूता फेंका। जिसके बाद तुरंत वकील को वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में लिया। हालांकि पूरे हंगामे के बाद सीजेआई शांत नजर आए और उन्होंने कार्यवाही जारी रखी। इसी के साथ मुख्य न्यायाधीश गवई ने इसे भूला हुआ अध्याय भी बताया। वहीं वकील के इस कृत्य के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने उनका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा की, भगवान का किया रुद्राभिषेक

**विशाखापत्तनम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को आंध्र प्रदेश दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने नंदयाल जिले में श्रीशैलम स्थित श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचमुरलु (गाय के दूध, गाय के दूध से बनी दही, गाय के घी, शहद और चीनी से बना एक पवित्र मिश्रण) से भगवान का रुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उनके साथ रहे।

आंध्र प्रदेश का मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिलिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता यह है कि एक ही परिसर में एक ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ का सह-अस्तित्व है, जो इसे पूरे देश में अपनी तरह का एक अनूठा मंदिर बनाता है।



### शिवाजी ध्यान केंद्र का भी करेंगे दौरा

मंदिर दर्शन के बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री शिवाजी ध्यान केंद्र का दौरा करेंगे, जो एक स्मारक परिसर है। इसमें चार कोनों पर स्थित चार प्रतिष्ठित किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल वाला एक ध्यान कक्ष भी शामिल है। बीच में छत्रपति शिवाजी की गहन ध्यान मुद्रा में एक प्रतिमा स्थापित है। श्री शिवाजी स्मारक समिति द्वारा संचालित यह ध्यान कक्ष 1677 में छत्रपति शिवाजी की इस पवित्र तीर्थस्थल की ऐतिहासिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया था।

**आंध्र प्रदेश को विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे :** इसके बाद, प्रधानमंत्री कुरनूल जाएंगे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री 'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा।

इससे पहले, कुरनूल हवाई अड्डे पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य ने उनका स्वागत किया।

# प्रियांक खरगे की नई मांग

## आरएसएस की गतिविधियों में शामिल सरकारी कर्मियों पर हो कार्रवाई

**बंगलूरू।** कर्नाटक में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों पर प्रतिबंध के प्रस्ताव की मांग को लेकर देशभर में हंगामा मचा हुआ है। सिद्धारमैया सरकार ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों, सार्वजनिक मैदानों और राज्य सरकार की अन्य जमीनों पर आरएसएस की शाखाएं आयोजित नहीं करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इन निर्देश को कैबिनेट मंत्री प्रियांक खरगे के अनुरोध पर दिया। वहीं अब खरगे ने मुख्यमंत्री से आरएसएस की गतिविधियों में शामिल सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने गुरुवार (16 अक्तूबर) को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर आरएसएस के कार्यक्रमों में भाग लेने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कर्नाटक सिविल सेवा (आचरण) नियम, 2021 के नियम 5(1) का हवाला देते हुए यह मांग की। मालूम हो कि यह नियम सरकारी कर्मचारियों को किसी भी राजनीतिक दल का हिस्सा बनने और राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति नहीं देता है।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 17 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## सोसाइटी अध्यक्षों और सचिवों पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ का सख्त रुख

# कहा, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में विभिन्न सोसाइटीज में लगातार मिल रही शिकायतों – लिफ्ट में खराबी, रखरखाव में लापरवाही, प्रबंधन की मनमानी और निवासियों से अभद्र व्यवहार – को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने सख्त तेवर दिखाए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उन्होंने साफ कहा कि अब सोसाइटी अध्यक्षों और सचिवों की मनमानी पर रोक लगेगी, और किसी भी अनियमितता या लापरवाही पर सीधी कार्रवाई होगी। डीएम मांदड़ ने कहा कि सोसाइटी में रहने वाले लोग प्रशासन पर भरोसा रखते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा, सुविधा और अधिकारों से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों से ऊपर कोई नहीं – चाहे वह सोसाइटी का अध्यक्ष हो या सचिव।

**सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समिति गठित :** सोसाइटी प्रबंधन पर निगरानी के लिए जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। इस समिति में एसीपी, डिप्टी रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार और क्षेत्रीय अधिकारी शामिल रहेंगे। समिति सोसाइटीज में हो रही अनियमितताओं की समीक्षा करेगी और नियमों का पालन न करने वाले अध्यक्षों व सचिवों पर कार्रवाई की संस्तुति करेगी।

**जिलाधिकारी की हिदायत – निजी स्वार्थ छोड़ें, जिम्मेदारी निभाएँ :** डीएम मांदड़ ने कहा, सोसाइटी चलाना केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा, सुविधा और विश्वास को बनाए रखना भी है। अध्यक्ष और सचिव निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर नियमों को आत्मसात करें और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी भी सोसाइटी में नियमों का उल्लंघन, निवासियों से अभद्रता या रखरखाव में लापरवाही पाई गई तो कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### लिफ्ट खराब या दुर्घटना होने पर सीधे अध्यक्ष और सचिव होंगे जिम्मेदार



करंट क्राइम। डीएम ने कहा कि कई सोसाइटीज से लगातार लिफ्ट खराब रहने और मेंटेनेंस में लापरवाही की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी सोसाइटी में लिफ्ट की खराबी या अन्य कारणों से कोई अनहोनी होती है, तो उसकी सीधी जिम्मेदारी अध्यक्ष और सचिव की होगी। ऐसे मामलों में उनके खिलाफ तुरंत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बाउंसरों की गुंडागर्दी पर भी होगी कार्रवाई




करंट क्राइम। डीएम मांदड़ ने यह भी कहा कि यदि किसी सोसाइटी में बाउंसरों या सुरक्षाकर्मियों द्वारा निवासियों से अभद्रता या धमकी दी जाती है, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी परिसर को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## जब नगर निगम का दस्ता पहुंचा बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाने

## तब अस्पताल में भर्ती पार्षद पर लगाने लगे लोग अवैध उगाही का आरोप



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगना कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन कानून अपना काम करा है तो फिर लोग अपने अतिक्रमण को बचाने के लिये पार्षद पर ही आरोप लगाने लगते हैं। मामला नदिया पार का है।

यहां वार्ड-86 में कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण किया हुआ था। नगर निगम का सुपरवाइजर जब यहां निरीक्षण करने पहुंचा तो लोगों ने पहले सुपरवाइजर का विरोध किया और फिर सुपरवाइजर और पार्षद पर ही मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उगाही के आरोप लगाए। हालांकि निगम सुपरवाइजर ने सारे कागज दिखाए और कहा कि यह शिकायत निगम में दर्ज है और अधिकारियों के निर्देश पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को हटाया जा रहा है।

वही दूसरी तरफ वार्ड-86 के भाजपा पार्षद मदन राय ने कहा कि मैं पिछले दस दिन से अस्वस्थ था और उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती था। उन्होंने भी अवैध वसूली के आरोपों से इनकार किया।

उन्होंने बताया कि इसमें पार्षद स्तर पर शिकायत की गई थी और उसी के अनुपालन में अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

चार अक्टूबर को मोहननगर जोन के प्रभारी ने साहिबाबाद थाना अध्यक्ष को एक पत्र भेजा और इस पत्र में बताया गया कि वार्ड-86 के पार्षद मदन राय ने कान्हा अपार्टमेंट के पास चार दुकानदारों द्वारा रोड पर बोर्ड लगाने के संबंध में शिकायत दी है।

सहायक नगर आयुक्त जोनल प्रभारी ने इस संबंध में जेई निर्माण की रिपोर्ट प्राप्त की।

जेई ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि इस स्थल पर अवैध अतिक्रमण है और इसे हटाने हेतु तिथि निश्चित की जाए। इसके बाद पुलिस बल जरूरी है ताकि पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया जाए और इसके लिये 25 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। इसी बीच अवैध कब्जा करने वाले लोगों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने पार्षद की ही शिकायत कर दी।

### तीन शिकायतों में लगाया है एक ही आरोप, एक ही राशि

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस पूरे मामले में कमाल ये हुआ है कि 4 अक्टूबर को पार्षद मदन राय की शिकायत पर जोनल प्रभारी ने पत्र लिखा। पार्षद मदन राय 21 मार्च को ये शिकायत कर चुके थे ट4व राजेंद्र नगर सैक्टर-5 के पास सीढ़ियों और नाले पर रैंप बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। कान्हा अपार्टमेंट के पास चार दुकानदारों ने सड़क पर बोर्ड लगाने के संबंध में शिकायत की है। वहीं इस मामले में रोचक जानकारी तब सामने आई जब पार्षद की 21 मार्च वाली शिकायत के बाद अक्टूबर में जोनल प्रभारी ने पत्र लिखा और मार्च से लेकर 4 अक्टूबर तक किसी ने शिकायत नहीं की, लेकिन 15 अक्टूबर को शिकायत शुरू हो गई।

शिकायत की राशि, शिकायत की भाषा एक है। रामबीर सिंह ने अपनी चाय की दुकान का हवाला दिया और कहा कि नगर निगम का सुपरवाइजर सबसे पार्षद मदन राय के नाम पहले 500 रुपए प्रति ठेली ले जाता था, फिर इसने 1000 रुपए किये और 2000 हजार रुपए करने के बाद अक्टूबर महीने से 5000 हजार रुपए प्रति महीना मांग रहा है। पार्षद का नाम लेकर सुपरवाइजर पैसे मांग रहा है और पार्षद ये धमकी दे रहे हैं कि जो पैसे नहीं देगा उसकी दुकान नहीं लगने देंगे। ये शिकायत नगर आयुक्तसे की गई है। इसके अलावा दूसरी शिकायत भी 15 अक्टूबर को की गई है इसमें शिकायतकर्ता महिला गायत्री है और उन्होंने भी सुपरवाइजर पर आरोप लगाया। राशि का क्रम 500, 1000, 2000 और 5000 रखा। शिकायत की भाषा शब्द ब शब्द एक सी है। तीसरी शिकायत में सोनी जैन हैं। सोनी जैन ने भी 15 अक्टूबर को शिकायत की है। वो भी चाय की दुकान चलाती है और शिकायत पूरी तरह से पहली दोनों शिकायतों की कॉपी पेस्ट की गई है और यहां भी सुपरवाइजर और पार्षद निशाने पर हैं। सवाल यही है कि अगर पार्षद ने मार्च में शिकायत की थी तो निगम को कार्यवाही करने के लिये लगभग 8 महीने क्यों लग गये और जब अवर अभियंता की रिपोर्ट में अतिक्रमण आ गया तो फिर ये शिकायतें क्यों हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि शिकायत जेई के निरीक्षण के बाद की गई है। तीनों शिकायती पत्रों की भाषा शब्द ब शब्द एक है और तीनों ने ही एक ही तारीख यानी 15 अक्टूबर में नगर आयुक्तके यहां शिकायत की।

### मैं दस दिन से अस्पताल में हूं उपचार के लिये भर्ती: मदन राय



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस पूरे मामले में जब करंट क्राइम ने वार्ड-86 के पार्षद मदन राय से बात की तो उन्होंने कहा कि वह इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं और विगत दस दिनों से उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने उगाही के आरोपों का पूरी तरह से खंडन किया और कहा कि यदि वार्ड का कोई भी व्यक्ति अपना आरोप सिद्ध करें तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि हम जनसेवा के लिये राजनीति में आए हैं। मैंने सिर्फ लोगों की शिकायत मिलने के बाद जनहित में नगर निगम को सूचित किया था उसके बाद नगर निगम ने अपने स्तर पर अवैध अतिक्रमण की जांच कराई तो मेरे तथ्य सही पाये गये। इस मामले में रिपोर्ट भी अवर अभियंता ने लगाइ है। सवाल ये है कि अतिक्रमण करने वाले लोग अब मुझ पर और सुपरवाइजर पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। यह नैतिक रूप से बिल्कुल गलत है।

## गाजियाबाद की किस विधानसभा में बिछाएगी भाजपा जाट बिरादरी के लिए उम्मीदवारी की खाट


# दो चुनाव बीत गये, मगर नहीं दिखा है जाट सियासत का चुनावी ठाठ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कितना भी कह लो, लेकिन जातीय समीकरण अपना काम करता है। जातीय संतुलन संगठन से लेकर उम्मीदवारी में साधा जाता है। अब जब 2027 करीब आ रहा है तो हर बिरादरी अपना चुनावी समीकरण बता रही है। वो अघोषित व अपुष्ट आंकड़ कों को बताते हैं और फिर टिकट दावेदारी में अपना स्थान बताते हैं। किसी सीट से ठाकुर चेहरे को लाने की बात चलती है तो किसी सीट से वैश्य दावेदारी की बात शुरू हो जाती है। कहीं ब्राह्मण समीकरण चलता है तो कहीं त्यागी फैक्टर की बात होती है। इन सबके बीच उस बिरादरी की बात आज हो रही है जिसकी पहचान जमीन और ट्रैक्टर है। जिस बिरादरी का अपना एक राजनीतिक फैक्टर है। ये बिरादरी जाट बिरादरी है और मौजूदा समय में किसी भी विधान सभा सीट पर कोई जाट जनप्रतिनिधि नहीं है।

यहां बात मोदीनगर की विधानसभा की आती है तो मोदीनगर में डॉ. मंजू शिवाच विधायक हैं और यहां पर दो फैक्टर पर आकर ये बात गाजियाबाद से अलग हो जाती है। पहला फैक्टर ये है कि मोदीनगर गाजियाबाद जिले में जरूर आता है, लेकिन जब लोकसभा वाला फीता आता है तो मोदीनगर बागपत लोकसभा में चला जाता है।

अब विधानसभा चुनाव आ रहा है और ऐसे में ये सवाल उठने लगा है कि गाजियाबाद की लोकसभा में भाजपा क्या किसी जाट चेहरे को चांस देगी। क्योंकि दो चुनाव निकल गये हैं, लेकिन जाट बिरादरी की भागीदारी दिखाई नहीं दे रही है।

विधान परिषद में वैश्य हैं, विधानसभा में ब्राह्मण हैं, विधान परिषद में पिछड़ा कार्ड है, लेकिन राज्यसभा, लोकसभा और मेयर भी जोड़ लें तो जाट कहीं नहीं हैं। ऐसे में ये बड़ा सवाल है कि 2027 में भाजपा गाजियाबाद लोकसभा की इस विधानसभा में जाटों को टिकट देगी।




### पूर्व मेयर अशु वर्मा की सियासी सक्रियता और उनकी दावेदारी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अशु वर्मा जाट नेता हैं, वो उपचुनाव में मेयर का चुनाव जीते थे एक बार उन्हें पार्टी मुरादनगर में परिसीमन के पहले विधानसभा चुनाव भी लड़वा चुकी है। अशु वर्मा भाजपा युवा मोर्चा के जमाने से भाजपाई हैं। लगातार एक्टिव रहते हैं, पार्टी का काम संभालते हैं। यही वजह है कि अतुल गर्ग ने अपने हर चुनाव में संयोजक वाला प्रभार अशु वर्मा को दिया है। मेयर पद से रिक्तहोने के बाद अशु वर्मा का नाम क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली दावेदारी में चला, लेकिन बस चलकर रह गया, फलित नहीं हुआ। अब यही सवाल है कि क्या पार्टी अपने इस एक्टिव चेहरे को, अनुभवी चेहरे को चुनावी रण में उतारेगी। अब समीकरण भी पक्ष में है और अशु वर्मा एक स्वच्छ छवि के नेता हैं। ऐसे में उनकी दावेदारी कितनी कंसिडर होगी।

### क्या राजा वर्मा के नाम पर बनेगी कोई सहमति वाली राय

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजा वर्मा भाजपा के बौद्धिक जाट नेताओं में गिने जाते हैं। वो भाजपा किसान मोर्चा के लगातार तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वो बीते दिनों किसान आंदोलन वाले जाट नेताओं को बयान वाले घेरे से घेर रहे थे। अच्छे वक्ता हैं, मगर फिलहाल वो चुनावी पारी का इंतजार कर रहे हैं। वो मुरादनगर से दावेदार हो सकते हैं मगर, भगवा हाईकमान उनकी दावेदारी को कितनी तवज्जो देता है ये देखने की बात है।

### क्या बृजपाल तेवतिया को मिलेगा चुनावी मौका

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बृजपाल तेवतिया एक ऐसे भगवा जाट चेहरे हैं जिन्होंने किसान आंदोलन में अपनी ताकत का एहसास कराया था। सांसद रहते हुए जनरल वीके सिंह ने उन्हें किसानों के धरने पर भेजा था और बृजपाल तेवतिया ने मौके पर पहुंचकर मिनटों में ये धरना समाप्त कराया था। वो मुरादनगर से विधानसभा का चुनाव लड़े थे और बहुत कम अंतराल से वो ये चुनाव हारे थे। उसके बाद उनकी दावेदारी रही, लेकिन उनके साथ एक बड़ा कांड हुआ और फिर एक समय वो मेडिकल लीव पर रहे और उसके बाद ऐसा लगता है कि पार्टी ने उन्हें रिलीव ही कर दिया। फिलहाल ये चेहरा अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहा है। अनुशासित नेता हैं और बिरादरी से लेकर चुनावी समीकरण तक अपना एक जनाधार रखते हैं।

### क्या कृष्णावीर चौधरी से लेकर कृष्णावीर सिरोही तक बनेगी सहमति

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जाट चेहरों की बात करें और भगवा राजनीति की बात करें तो यहां भाजपा के पास ऐसे चेहरे भी हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करते हैं और विधानसभा में भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनमें पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही का नाम आता है। जाट फैक्टर के अच्छे नेता हैं, लेकिन एज फैक्टर आड़े आता है। यहीं पर जाट बिरादरी के दूसरे नेता कृष्णवीर चौधरी हैं। वो किसानों की राजनीति करते हैं और एक्टिव भी रहते हैं मगर, यहां एज फैक्टर आता है, लेकिन चर्चा ये भी चलती है कि जब ऊपर वालों को एज फैक्टर की छूट दी जा सकती है तो नीचे वालों से ही क्या दिक्कत है।

### डिप्टी मेयर का कब शुरू होगा विधायक वाला सफर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम पार्षद प्रवीण चौधरी भाजपा के पार्षद हैं और वो नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उनके यार दोस्त और समर्थक उन्हें प्यार से आज भी डिप्टी मेयर बुलाते हैं। प्रवीण चौधरी पेशे से अधिवक्ता हैं और सियासत में एक शानदार वक्ता हैं। जाट बिरादरी से आते हैं और यहां पर यही चर्चा चलती है कि पूर्व डिप्टी मेयर का विधानसभा जाने वाल सफर कब शुरू होगा। उन्हें पार्टी कब मौका देगी।

### रावत ब्रदर का कब खुलेगा विधानसभा में चुनावी मुकद्दर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जाट राजनीति की बात करें तो यहां रावत ब्रदर को एग्नोर नहीं किया जा सकता। इस परिवार ने देहात से लेकर शहर तक राजनीति देखी है। इस परिवार से राम नरेश रावत विधायक रहे हैं, शानदार वक्ता हैं और ह्यटू द प्वाइंटह्न बात रखते हैं। फिलहाल वो वीआरएस वाले मोड में हैं। इसी परिवार से पुष्पेंद्र रावत आते हैं। पुष्पेंद्र रावत मोदीनगर विधानसभा में एक्टिव हुए थे, लेकिन फिर वो खुद ही 'बैक टू होम' हो गये। हवाई अड्डे वाली जमीन के मामले में पुष्पेंद्र रावत का रोल शानदार और सहयोगी रहा। वो जाट दावेदारी का स्माइलिंग चेहरा हो सकते हैं। फिलहाल वो उतनी स्पीड में नहीं हैं, लेकिन राजनीतिक पिच पर वो खेल रहे हैं। यहां रावत ब्रदर की बात करें तो यहां पर सुधन रावत फिलहाल राजनीतिक सीन को लेकर उदासीन दिखाई देते हैं। वो भाजपा में हैं, लेकिन उनका अंदाज उतना एक्टिव नहीं है जितनी सक्रियता दावेदारी के लिये चाहिए। सुधन रावत सपा, रालोद, बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं और फिलहाल वो भाजपा में है। क्या पार्टी इस पर विचार करेगी ये देखने की बता है।

### सचिन डागर की भरेगी क्या उम्मीदवारी वाली गागर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सचिन डागर भाजपा के पार्षद हैं और बेहद ऊर्जावान तरीके से राजनीति करते हैं। लगातार चुनाव जीते हैं और उन्होंने बागपत विधानसभा में भी दावेदारी पर फोकस किया था। ये अलग बात है कि उनकी बात नहीं बन पाई थी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के करीबी माने जाते हैं। बड़ी बात ये है कि क्या वो उम्मीदवार वाली खाट पर बैठ पाएंगे।

### सतेंद्र चौधरी का नाम केवल चलेगा या उम्मीदवारी में बदलेगा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सतेंद्र चौधरी भाजपा के नेता हैं और उनके साथ सितम ये होता है कि हर बार दावेदारी में उनका नाम चलता है, लेकिन फिर वो नाम हट जाता है। सवाल यही है कि क्या इस बार जाट दावेदारी में ये नाम फिर से आएगा या केवल आएगा, चमकेगा और चला जायेगा।

### लोनी में कितना सफल होगा धामा का पॉलिटिकल दांव

करंट क्राइम)। लोनी विधानसभा में मनोज धामा एक ऐसा नाम हैं जिसे इग्नोर नहीं किया जा सकता। वो नगर पालिका चेयरमैन रहे हैं। उनकी पत्नी रंजीता धामा लगातार दूसरी बार अध्यक्ष हैं और जिस तरह से लोनी में सियासी उठापटक चल रही है उसे देखकर कहा जा सकता है कि धामा में दम है, लेकिन सवाल यही है कि यहां वो रालोद वाले हैंडपंप से विधानसभा में कितना जंप करते हैं। मनोज धामा लोनी में अपनी ताकत का मुलाहिजा दिखा चुके हैं। एक समय विधायक से कुछ बातों पर विवाद होने के बाद से मनोज धामा ने भाजपा छोड़ दी और रालोद ज्वाइन कर ली। राजनीतिक रूप से वो अपने विरोधियों पर भारी पड़ते हैं और मनोज धामा कई बार बड़ी जनसभाएं करके अपनी क्षमताओं का अहसास कराया है। यहां पर उन्होंने अपनी पत्नी को चुनाव जिताकर अपनी ताकत का मुलाहिजा किया है। अब उन्हें राजनीतिक परफॉर्म दिखानी है। अगर, ये सीट रालोद के खाते में आई तो फिर यहां मनोज धामा पॉलिटिकल कमाल कर सकते हैं। अब वो रालोद में हैं और भाजपा के सहयोगी हैं। अब सवाल यही है कि भाजपा मनोज धामा के नाम को कितनी तवज्जो देती है। क्योंकि ये वो नाम है जिसे लोनी की सियासत में इग्नोर नहीं किया जा सकता है। गठबंधन होने की संभावनाएं बहुत कम हैं। भाजपा यहां पर लंबे समय से गुर्जर कार्ड ही चल रही है।

## संपादकीय

# दिल्ली में हरित पटाखों को मंजूरी

दिल्ली में हरित पटाखों को मंजूरी देने का निर्णय महत्त्वपूर्ण कदम है। शीर्ष अदालत ने लोगों की भावनाओं का ख्याल रखा है। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली में वायु गुणवत्ता लगातार खराब हुई है। दीपावली पर तो वायु प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है। पिछले वर्ष पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद स्थिति बिगड़ी और हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई। हर साल वायु प्रदूषण का बेतहाशा बढ़ना चिंता का विषय है। नागरिकों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण से सचेत करने के लिए कई बार पहल हुई है। हरित पटाखों पर भी जोर दिया गया। मगर इसकी आड़ में पारंपरिक पटाखे भी खूब बिके। नतीजा यह कि पिछली बार शीर्ष अदालत का सख्त रवैया अख्तियार करना पड़ा। मगर इस बार दिल्ली और केंद्र सरकार के साझा अनुरोध पर उसने पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरित पटाखों पर छूट दी है। सिर्फ इन्हीं पटाखों को बेचने और फोड़ने की इजाजत देकर अदालत ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण का परिचय दिया है। अब नागरिकों का भी दायित्व है कि वे दिशा-निर्देशों का ईमानदारी से पालन करें ताकि अन्य लोगों को कोई असुविधा न हो और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

पटाखों का असर सेहत पर पटाखों से वायु प्रदूषण और उससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। पटाखों से निकलने वाला खतरनाक धुआं वातावरण में काफी समय तक रहता है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ता है। फिर भी हर बार इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। दरअसल, दिल्ली में चोरी-छिपे आने वाले पारंपरिक पटाखे अधिक नुकसान पहुंचाते रहे हैं।

ऐसे में शीर्ष न्यायालय के सख्त आदेश से उम्मीद कर सकते हैं कि दिल्ली सहित पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोग निर्धारित समय और तय दिशा-निर्देशों के मुताबिक केवल हरित पटाखे चलाएंगे। यानी ऐसे पटाखे जो अन्य पटाखों की तुलना में कम प्रदूषण करते हैं। नागरिकों को अदालत के इस आदेश को गंभीरता से लेना चाहिए कि पर्यावरण के साथ अब कोई समझौता नहीं होगा। उन्हें पटाखे खरीदने से लेकर फोड़ने तक संयम का परिचय देना होगा।

# दिवाली से पहले शेयर बाजार गुलजार

## सेंसेक्स ने लगाई लंबी छलांग, निफ्टी में भी तेजी




**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 826.23 अंक उछलकर 83,467.66 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 261.75 अंक की बढ़त के साथ 25,585.30 पर बंद हुआ।

अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते गुरुवार को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुए। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 826.23 अंक या 1.04 प्रतिशत उछलकर 83,467.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,010.05 अंक या 1.22 प्रतिशत बढ़कर 83,615.48 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 261.75 अंक या 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,585.30 पर आ गया। घरेलू आय में सुधार और नए विदेशी निवेश के कारण वित्तीय और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के शेयरों में मजबूती से सेंसेक्स और निफ्टी ने व्यापक बढ़त हासिल की। बीते दो सत्रों में सेंसेक्स 1,500 अंक से ज्यादा चढ़ा है। वहीं, निफ्टी 1.9% उछला है। डॉलर के मुकाबले 21 पैसे की बढ़त के साथ 87.87 (अनंतिम) पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के नरम पड़ने और निवेशकों में जोखिम की भावना के फिर से उभरने से यह तेजी आई।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, इटर्नल और इंफोसिस पिछड़ गए।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल आज व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शामिल होंगे। भारत ने अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने की अपनी तत्परता का संकेत दिया है। भारतीय वार्ता दल व्यापार वार्ता के लिए पहले ही वाशिंगटन में मौजूद है। बुधवार को सेंसेक्स 575.45 अंक या 0.70 प्रतिशत बढ़कर 82,605.43 पर बंद हुआ। निफ्टी 178.05 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 25,323.55 पर बंद हुआ।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.49 प्रतिशत, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक 0.10 प्रतिशत बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए।

### भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर बाजार में आशावाद

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सकारात्मक वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर नए आशावाद से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों ने अपनी मजबूत रिकवरी रैली को जारी रखा। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में मांग में सुधार की उम्मीद, एफआईआई प्रवाह के शुरुआती संकेत, अमेरिकी फेड की नरम टिप्पणी और डॉलर सूचकांक में नरमी से धारणा को और बल मिला।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 62.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.57 प्रतिशत बढ़कर 62.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 68.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 4,650.08 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# भारत का डिजिटल मॉडल बना वैश्विक आकर्षण का केंद्र, अमेरिका में आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने साझा किया अनुभव

**नई दिल्ली।** वॉशिंगटन डीसी में आयोजित विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठकों के दौरान आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भारत के डिजिटल पब्लिक प्लेटफॉर्म इकोसिस्टम पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक ढाचे ने सरकारी ट्रांसफर पेमेंट्स को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया है, जिससे लाभ सीधे और प्रभावी तरीके से नागरिकों तक पहुंच रहे हैं।




वॉशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के दौरान आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भारत के डिजिटल पब्लिक प्लेटफॉर्म (डीपीपी) इकोसिस्टम पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। केंद्रीय बैंक के अनुसार, डिजिटल सार्वजनिक प्लेटफार्मों के माध्यम से आर्थिक लचीलापन बनाने पर उच्च स्तरीय वार्ता विषय पर एक उच्चस्तरीय संवाद 14 अक्तूबर 2025 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आरबीआई ने विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठकों के दौरान किया था।

### संवाद का उद्देश्य

इस संवाद का उद्देश्य भारत के डिजिटल सार्वजनिक ढांचे से जुड़ी अनुभवों, सीखों को साझा करना और वैश्विक सहयोग के अवसरों की खोज करना था, ताकि अधिक मजबूत और समावेशी डिजिटल प्रणालियां विकसित की जा सकें।

आरबीआई ने कहा कि गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भारत के इकोसिस्टम का एक संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया और विशेष रूप से सरकारी ट्रांसफर पेमेंट्स में डिजिटलाइजेशन और वित्तीय समावेशन में उन मिका पर प्रकाश डाला।

### डिजिटल सार्वजनिक ढाचे में सरकार की भूमिका

मल्होत्रा ने बताया कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक ढाचे ने सरकारी ट्रांसफर पेमेंट्स को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया है, जिससे लाभ सीधे और प्रभावी तरीके से नागरिकों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार जैसे डिजिटल पहचान प्लेटफॉर्म और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसे रियल-टाइम भुगतान तंत्र ने यह साबित किया है कि कैसे बड़े पैमाने पर, मजबूत और किफायती सार्वजनिक सेवा प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं।

# सेबी की बड़ी कार्रवाई: आईईएक्स इनसाइडर ट्रेडिंग केस में आठ इकाइयों पर शिकंजा, 173.14 करोड़ रुपये जब्त

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग की जांच के बाद बड़ी कार्रवाई की है। नियामक की जांच में खुलासा हुआ कि सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के एक अहम आदेश से पहले आईएक्स के शेयरों में संदिग्ध सौदे किए गए थे। इन खुलासों के बाद सेबी ने 8 इकाइयों के खिलाफ अंतरिम आदेश जारी करते हुए 173.14 करोड़ की अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया है।

बाजार नियामक सेबी अंदरूनी व्यापार के एक मामले में सख्त कदम उठाते हुए भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज लिमिटेड के शेयरों में हेराफेरी करने वाले कई इकाइयों के खिलाफ अंतरिम आदेश जारी किया है। आदेश के तहत कुल 173.14 करोड़ रुपये की अवैध कमाई को जब्त करने का निर्देश दिया गया है। सेबी ने कहा है कि सभी नोटिस प्राप्त इकाइयों को अपने नाम से फिक्स्ड डिपॉजिट खाते खोलकर इस राशि को जमा करना होगा। इन खातों पर सेबी के पक्ष में लियन ग्रहणाधिकार के साथ दर्ज किया जाएगा और नियामक की अनुमति के बिना यह राशि जारी नहीं की जा सकेगी। नियामक की जांच में खुलासा हुआ कि सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के एक अहम आदेश से पहले के शेयरों में संदिग्ध सौदे किए गए थे। सेबी के अनुसार, 23 जुलाई 2025 को सीईआरसी ने सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (पावर मार्केट) रेगुलेशंस, 2021 के तहत मार्केट कपलिंग लागू करने के निर्देश जारी किए




थे। यह कदम आईईएक्स के ट्रेडिंग वॉल्यूम पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला माना जा रहा था। इसके अगले ही दिन, यानी 24 जुलाई 2025 को, क्र के शेयरों में 29.58% की भारी गिरावट दर्ज की गई (क्लोज-टू-क्लोज आधार पर)। तेज गिरावट ने इनसाइडर ट्रेडिंग की आशंका को मजबूत किया। इन व्यापारों से 173.14 करोड़ रुपये का अवैध लाभ अर्जित हुआ। जांच को आगे बढ़ाने के लिए सेबी ने 18 से 20 सितंबर 2025 के बीच संदिग्ध इकाइयों से जुड़े कई ठिकानों पर सर्च और सीजर ऑपरेशन चलाया। सेबी की इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं।

# घरेलू बचत में बदलाव भारत के आर्थिक भविष्य की दिशा तय करेगा

**नई दिल्ली।** एलारा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के लिए घरेलू बचत को उत्पादक संपत्तियों की ओर निर्देशित करना आवश्यक है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि भारत की सकल वित्तीय बचत आने वाले वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ सकती है, और यह देश की जीडीपी का लगभग 11 से 12 प्रतिशत हिस्सा बन सकती है।

भारत की दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की महत्वाकांक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश अपने घरों की बचत को कितनी प्रभावी ढंग से उत्पादक संपत्तियों में लगाता है। यह बात एलारा सिक्योरिटीज की हालिया रिपोर्ट में कही गई है।

आने वाले वर्षों में बदलाव की संभावना



रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में घरेलू बचत की संरचना में बड़ा परिवर्तन हो रहा है। यह बदलाव अनुकूल जनसांख्यिकी, सरकारी सुधार, आर्थिक नीतियां और मजबूत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा समर्थित है। ये सभी कारक आने वाले वर्षों में भारतीय घरों के बचत और निवेश के तरीके में स्पष्ट बदलाव लाने की संभावना रखते हैं।

### अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की स्थिति

रिपोर्ट ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के लिए घरेलू बचत को उत्पादक संपत्तियों की ओर निर्देशित करना आवश्यक है। इसमें कहा गया है कि भारत में घरेलू बचत का रिटर्न, जोखिम और तरलता प्रोफाइल तेजी से बदल रहा है, लेकिन वित्तीय बचत अभी भी अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है।

### वित्तीय बचत आने वाले वर्षों में तीन गुना बढ़ने की उम्मीद

ब्रोकरेज का अनुमान है कि भारत की सकल वित्तीय बचत आने वाले वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ सकती है, और यह देश की जीडीपी का लगभग 11 से 12 प्रतिशत हिस्सा बन सकती है। इसमें यह भी देखा गया कि घरेलू बचत दर, यानी सकल उपलब्ध आय के प्रतिशत के रूप में, कई अन्य देशों की तुलना में अधिक है। यह उच्च बचत दर निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण घरेलू पूंजी स्रोत के रूप में काम करती है और आर्थिक विकास को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।

### बचत के स्वरूप में बदलाव

जिसने वित्तीय निवेश को अधिक सलभ और सुविधाजनक बना दिया है। रिपोर्ट में कुछ प्रमुख रुझानों पर भी ध्यान दिया गया बैंक डिपॉजिट का हिस्सा वित्त वर्ष 71-80 में 50 प्रतिशत से अधिक था, जो वित्त वर्ष 24 तक घटकर 40 प्रतिशत से कम हो गया, जो बैंकों के लिए चुनौती बन सकता है। नकद होल्डिंग पिछले चार दशकों में लगभग 10% पर स्थिर रही, जो डिजिटल लेन-देन में वृद्धि के बावजूद नकद को मूल्य भंडार के रूप में रखने की प्रवृत्ति को दशार्ता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।
- हिप्पोपोटामस अपने शरीर के तापमान को नीचे रखने के लिए पानी में आराम करते हैं क्योंकि उन्हें पसीना ग्रंथियां नहीं होती हैं।
- क्या आपको यह पता था दोस्तों, मेंढक पानी नहीं पीता है वे अपनी त्वचा के माध्यम से इसे अवशोषित करते हैं।
- चाइनीज नरम खोल वाला कछुआ एक पशु है जो उसके मुंह के माध्यम से पेशाब करने के लिए जाना जाता है। कुदरत भी कमाल है!
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।

## राशिफल

**मेष:** घृणा का भाव महंगा पड़ सकता है। यह न केवल आपकी सहनशक्ति को कम करता है, बल्कि आपके विवेक को भी जंग लगा देता है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। आप किसी अच्छी जगह घूमने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मिथुन:** आज कोई गलत फैसला जल्दबाजी में करने से बचना होगा। धैर्य न छोड़ें और धैर्य रखें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे।

**कर्क:** आप भले ही जोश से भरे हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे व्यक्ति को याद करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। कमीशन, लाभांश या रॉयल्टी से लाभ होगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम का विरोध कर सकते हैं। हालांकि कुछ सहकर्मी भी आपके पक्ष में रहेंगे।

**कन्या:** आज संतान से जुड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं. प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले में चल रहा विवाद सुलझेगा। किसी शुभ कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**तुला:** मजेदार यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको खुश और तनावमुक्त रखेगा। पैसा अचानक आपके पास आएगा, जो खर्च और बिल आदि का ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। चुनौतियों का सामना आसानी से करेंगे। इस राशि के लोग किसी की मदद कर सकते हैं। इससे आपको खुशी मिलेगी।

**धनु:** आज अपने काम में रुचि बढ़ाने के लिए अपना ज्ञान बढ़ाना होगा, घर और परिवार से जुड़ी चिंताओं को बेहतर तरीके से संभालना होगा। वरिष्ठों पर दबाव न डालें।

**मकर:** तनाव से बचने के लिए अपना कीमती समय बच्चों के साथ बिताएं। आप बच्चों को ठीक करने की शक्ति महसूस करेंगे।

**कुंभ:** आज का दिन लाभकारी रहेगा। रुके हुए काम किसी मित्र के सहयोग से पूरे होंगे। किसी से शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नए विचार प्राप्त होंगे।

**मीन:** आज पुराना कर्ज चुकाने में आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों के मामले में आज का दिन बेहद खास रहेगा।

## चुटकुले

चिंटू ने कंडक्टर से पूछा- आप कितने घंटे बस में रहते हो?
कंडक्टर- जी 24 घंटे।
चिंटू- वो कैसे?
कंडक्टर- देखिये, 8 घंटे तो सिटी बस में रहता हूं और बाकी के 16 घंटे बीवी के बस में रहता हूं।

---

बीवी- सुनो जी, जब हमारी नई-नई शादी हुई थी... जब मैं खाना बना कर लाती थी तो तुम खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
बीवी- तो अब ऐसा क्यों नहीं करते हो?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो। बीवी बेहोश।

---

भिखारी- साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा।
साहब- शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो।
भिखारी- तो क्या दफ्तर खोल लूं ?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# न्याय खंड प्रथम से शराब के ठेके को हटाने के लिए आंदोलन कर रही महिलाओं को क्यों नहीं मिल रहा है प्रशासन और नेताओं का साथ

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद इंदिरापुरम के न्याय खंड प्रथम स्थित जीडीए की ग्रीन बेल्ट पर के शराब का ठेका खोलने के विरोध में स्थानीय महिलाएं पिछले दो महीने से आंदोलन चला रही है। शराब ठेके के विरोध में दर्जनों महिलाएं अपने घर के कामकाज को छोड़कर शाम 5:00 बजे से रात 11:00 तक ठेके के सामने धरना दे रही हैं। ठेके को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर महिलाओं ने आबकारी विभाग, नगर निगम, जीडीए और प्रशासन को पत्र लिखा है लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी ठेके को हटाने का कोई प्रबंध नहीं किया जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि सरकारी विभागों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। महिलाओं ने एडीएम सिटी से मुलाकात कर ठेके को हटाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया। एडीएम ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## आवंटन कहीं का और ठेका खोला कहीं और

आबकारी की नई नीति के मकनपुर में शराब का ठेका आवंटित किया गया था। यह ठेका पहले से ही वहां था। 2025 में वही ठेका आवंटित किया गया। सिर्फ ठेके के संचालक को बदल गया। इस ठेके का संचालन लाइसेंस दिलीप जायसवाल और कल्पना अग्रवाल को दिया गया। लेकिन दिलीप जायसवाल और कल्पना अग्रवाल ने मकनपुर में ठेका खोलने के बजाय सबसे पहले न्याय खंड द्वितीय में ठेका खोला। इस ठेके का स्थानीय लोगों ने जबरदस्त विरोध किया तो उन्होंने न्याय खंड प्रथम में जीडीए की गेट बिल्ट पर दुकान बनाकर ठेका खोल दिया। इस ठेके के खोलने में आबकारी नियमों का घोर उल्लंघन किया गया। दरअसल जहां ठेका खोला गया है वहां से 200 मीटर के भीतर स्कूल और मंदिर है जबकि आबकारी नियम के तहत स्कूल और मंदिर के आसपास शराब का ठेका नहीं खोला जा सकता है।

आंदोलन करने वाली महिला मीनू राजौरा ने कहा कि विरोध कर रही महिलाओं को तरह तरह से धमकी दी जा रही है। महिलाओं को पुलिस एवं अन्य माध्यमों से आंदोलन खत्म करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। 2 दिन पहले गुंडे भेज कर महिलाओं को शराब के ठेके से अपना धरना समाप्त करने की धमकी दी गई। राजोरा ने कहा कि आंदोलनकारी महिलाएं इस तरह की धमकी से डरने वाली नहीं है। जब तक ठेके को नहीं हटाया जाता है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### बीजेपी के एक बड़े नेता के रिश्तेदार है शराब कारोबारी

महिलाओं के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पूर्व पार्षद मीना भंडारी ने कहा कि शराब कारोबारी दिलीप जायसवाल प्रदेश भाजपा के एक बड़े नेता के रिश्तेदार हैं। जिस कारण शराब के ठेके को हटाने में ना तो प्रशासन दिलचस्पी दिखा रहा है और ना ही गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि। उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है लेकिन लोगों की परेशानी को ध्यान में रखकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को शराब के इस ठेके को हटाने की मांग का समर्थन करना चाहिए। शराब का ठेका खुल जाने से न्याय खंड प्रथम में रहने वाले लोगों का जीना हराम हो जाएगा। शराब का यह ठेका घनी आबादी के बीच अनैतिक तरीके से खोल दिया है।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की प्रशासन से बातचीत

शराब के ठेके को हटाने की मांग को लेकर आंदोलनकारी महिलाओं ने स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से गुहार लगाई थी। भाजपा नेत्री मीना भंडारी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी प्रशासन से बात कर शराब के ठेके को न्याय खंड प्रथम से हटाकर अपने मूल स्थान पर शिफ्ट करने को कहा था लेकिन उनकी बात को भी नजरअंदाज किया जा रहा है एक ओर प्रशासन महिलाओं को आश्वासन दे रहा है वहीं दूसरी ओर शराब के ठेके को हटाने की कोई कार्रवाई नहींकर रहा है।

## भाजपा के अन्य नेताओं की चुप्पी रहस्यमय

आंदोलन कर रही महिलाओं ने बताया कि अवैध तरीके से खोले गए ठेके को हटाने के लिए उन्होंने भाजपा के अन्य बड़े नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई है लेकिन कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि शराब के ठेके को हटाने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन करने में सामने नहीं आ रहा है। शायद इसकी एक वजह यह भी हो सकती है कि शराब कारोबारी का रिश्तेदार प्रदेश भाजपा का एक बड़ा नेता है। भाजपा नेत्री मीना भंडारी का कहना है कि उनके पास भाजपा के एक बड़े नेता का फोन आया था जिसमें उन्होंने कहा था कि आंदोलन को खत्म कर दो और जहां शराब का ठेका है वही इसे रहने दो।

## क्या कहता है आबकारी विभाग

आबकारी इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा का कहना है कि न्याय खंड प्रथम से शराब के ठेके को लेकर महिलाओं के विरोध को देखते हुए ठेके को हटाने के लिए प्रशासन को लिखा गया है प्रशासन की ओर से आदेश मिलते ही ठेके को वहां से शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# मिशन शक्ति अभियान महिलाओं के जीवन में ला रहा है बड़ा बदलाव : एडिशनल सीपी



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर की लगभग 230 महिलाओं ने इसमें भाग लिया।



कार्यक्रम में महिलाओं को सेल्फ डिफेंस (ब्लैक बेल्ट मार्शल आर्ट्स), साइबर सुरक्षा, और योग व मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि एडिशनल सीपी आईपीएस केशव कुमार चौधरी ने महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में हेल्पलाइन नंबर और विभिन्न योजनाओं के बारे में पम्फलेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, एसीपी सलोनी अग्रवाल, महिला थानाध्यक्ष रितु त्यागी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने सफाई वीरों को किया सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 79 में स्थानीय लोगों ने पार्षद हरीश कड़ाकोटी के साथ मिलकर वार्ड के अंदर जितने सफाई कर्मचारी हैं उनको दीपावली के अवतार पर उपहार स्वरूप मिठाई दी। वार्ड में लगभग 35 सफाई कर्मचारी और साथ में सीवर सफाई कर्मचारी सभी को सम्मानित किया गया।

कर्मचारियों ने वार्ड के निवासियों का और पार्षद का धन्यवाद किया। वार्ड के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बीपी जुयाल ने बताया कि इसी प्रकार हम सभी को इन सफाई वीरों को सम्मान देना चाहिए, यह बहुत अच्छा कार्य किया है।

इस मौके पर सफाई सुपरवाइजर राजेश और दूसरे सुपरवाइजर रिंकू सिंह के साथ-साथ उनकी पूरी टीम जो वार्ड 79 के अंतर्गत सफाई का कार्य करते हैं मौजूद रहे। इस अवसर पर सुरेंद्र नेगी, बीपी जुयाल, डॉ जयश्री सिन्हा, दिनेश जुयाल, हरसिंग मेहता, सोबन कड़ाकोटी, पी सी कोटनाला, प्रतिभा कड़ाकोटी आदि लोग मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने स्नातक पाठ्यक्रम में सीट बढोत्तरी की मांग का सौंपा ज्ञापन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद के कार्यकताओं ने एमएम डिग्री कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया को सरल और कला संकाय में सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग की। सीटों की कमी को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन से यह मांग की गई कि कला संकाय में 33% सीट की बढोत्तरी छात्रों के हित को देखते हुए की जाये।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी तनिष्क सिसोदिया ने कहा कि विश्विद्यालय की तरफ से नवीन विद्यार्थियों के प्रवेश के समय सीट की बढोत्तरी की जाती है जिसके चलते इस वर्ष भी कॉमर्स व विज्ञान संकाय में सीट बढ़ायी जा चुकी है लेकिन अब भी कला संकाय में सीट की बढोत्तरी नहीं की गई जिसके चलते एबीवीपी ने छात्रो की समस्या को देखते हुए विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए अहमदाबाद तैयार: भारत को कैसे मिले आयोजन अधिकार



### दौड़ की शुरूआत आठ महीने पहले हुई

2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए दुनिया भर के शहरों को 31 मार्च 2025 तक अपनी रुचि दर्ज करनी थी। इसके बाद, उन्हें अगले पांच महीनों में, यानी 31 अगस्त 2025 तक अपना विस्तृत 'बिड डॉक्युमेंट' या 'बिड डोजियर' जमा करना था। इस दस्तावेज में हर शहर को यह विस्तार से बताना था कि वह गेम्स के आयोजन के लिए क्या रणनीति अपनाएगा। साथ ही खेल सुविधाएं, खेल गांव, सुरक्षा व्यवस्था और आयोजन के बाद के प्लान जानकारी भी देनी थी। इसके बाद, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स फेडरेशन (उ‍ॠ) को इन सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन कर नवंबर के अंत तक अंतिम निर्णय लेना था। समय सीमा से पहले केवल दो देशों, भारत (अहमदाबाद) और नाइजीरिया (अबुजा) ने 2030 सेंचुरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की।

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के लिए 2036 ओलंपिक गेम्स की मेजबानी हमेशा से एक दीर्घकालिक लक्ष्य रहा है। इसी दिशा में एक बड़ा कदम अब अहमदाबाद के रूप में सामने आया है, क्योंकि 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत को मिलने जा रही है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की कार्यकारी समिति ने इस पर अपनी सहमति दे दी है और इसका औपचारिक अनुमोदन 26 नवंबर को किया जाएगा। यह आयोजन न केवल भारत के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि कॉमनवेल्थ गेम्स के 100 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक बनेगा, क्योंकि यह महोत्सव पहली बार 1930 में हैमिल्टन (कनाडा) में आयोजित हुआ था।

जनवरी 2025 में शुरू हुई तैयारीभारत की इस महत्वाकांक्षी यात्रा की शुरूआत जनवरी 2025 में हुई, जब गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट क्रिस जेनकिंस से गांधीनगर में मुलाकात की। इस बैठक में अहमदाबाद की बोली को लेकर प्रारंभिक चर्चा हुई और यह भी स्पष्ट किया गया कि भारत 2036 ओलंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए भी आवेदन करने का इरादा रखता है। इसके बाद, 16 फरवरी 2025 को कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन की सीईओ केटी सैडलर ने भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, 'अहमदाबाद का यह प्रयास भारत को 2036 ओलंपिक की दिशा में आगे बढ़ाने वाला एक मजबूत कदम साबित होगा।'

इस बैठक के बाद भारत की बोली को लेकर वैश्विक स्तर पर काफी गति आई। 13 अगस्त 2025 को आईओए की विशेष आम बैठक में अहमदाबाद की बोली को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। दो सप्ताह बाद, भारत सरकार ने भी आधिकारिक रूप से इस बोली को मंजूरी दी और 2036 ओलंपिक रोडमैप का भी प्रारूप कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन के समक्ष रखा। शुरूआत में भुवनेश्वर को भी एक संभावित मेजबान शहर के रूप में शामिल किया गया था, लेकिन अंततः भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद को ही अंतिम और सर्वश्रेष्ठ विकल्प माना।

### अहमदाबाद ने मारी अंतिम बाजी




सितंबर 2025 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन के समक्ष अपनी अंतिम प्रस्तुति दी। इसमें आईओए अध्यक्ष पी.टी. उषा, गुजरात खेल मंत्री हर्ष सांघवी, आईओए सीईओ रघुराम अय्यर और प्रधान सचिव अश्विनी कुमार शामिल थे। इस प्रस्तुति में अहमदाबाद ने न केवल अपने खेल ढांचे, स्टेडियम नेटवर्क, और अवसंरचना योजनाओं को प्रस्तुत किया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे यह आयोजन भारत की आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति को दुनिया के सामने रखेगा। अंततः, कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने अहमदाबाद के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

### 2036 ओलंपिक : असली लक्ष्य

अब अगला बड़ा कदम 26 नवंबर 2025 को होने वाली कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन की जनरल बॉडी मीटिंग है, जिसमें अहमदाबाद की मेजबानी को औपचारिक मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद शुरू होगी भारत की असली परीक्षा। परीक्षा 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स को अब तक के सबसे सफल कॉमनवेल्थ गेम्स बनाने की। इन सभी में, भारत का अंतिम लक्ष्य स्पष्ट है, '2036 में भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन।' अहमदाबाद की सफलता सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि भारत के वैश्विक खेल मानचित्र पर नेतृत्व स्थापित करने की दिशा में पहला ठोस कदम है।

### मार्च से अगस्त 2025 बोली प्रक्रिया तेज हुई

भारत सरकार और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन ने पूरी प्रक्रिया को अत्यंत व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया। 21 मार्च 2025 को भारत सरकार की अनुमति से आईओए ने औपचारिक रूप से 'लेटर ऑफ इंटेंट' यानी अभिरुचि पत्र जमा किया। इसके बाद जून 2025 में भारत के सरकारी और खेल प्रतिनिधियों का एक उच्चस्तरीय दल लंदन स्थित कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन मुख्यालय पहुंचा। वहां गेम्स की विरासत, आर्थिक मॉडल और आयोजन ढाँचे पर विस्तार से चर्चा की गई।





# सीधा फाइनल के लिए खेलेगी पुणेरी पल्टन, प्रो कबड्डी लीग की अंक तालिका की पूरी जानकारी

**नई दिल्ली।** पीकेएल 12वें सीजन का आयोजन अब अपने आखिरी सफर पर पहुंच गया है। इस सीजन में कुल 12 टीमें खेल रही हैं। हर टीम लीग स्टेज में 18-18 मैच खेलेंगी। मतलब लीग स्टेज में कुल 108 मैच खेले जाएंगे। बुधवार, 15 अक्तूबर तक 87 मैच खेले जा चुके हैं। 21 मैच खेले जाने हैं लेकिन टॉप 2 में पुणेरी पल्टन ने अपना स्थान पक्का कर लिया है।

प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन का आयोजन अब अपने आखिरी सफर पर पहुंच गया है। इस सीजन में कुल 12 टीमें खेल रही हैं। हर टीम लीग स्टेज में 18-18 मैच खेलेंगी। मतलब लीग स्टेज में कुल 108 मैच खेले जाएंगे। बुधवार, 15 अक्तूबर तक 87 मैच खेले जा चुके हैं। 21 मैच खेले जाने हैं लेकिन टॉप 2 में पुणेरी पल्टन ने अपना स्थान पक्का कर लिया है।

प्रो कबड्डी लीग 2025 में लीग स्टेज के मुकाबले 23 अक्तूबर तक खेले जाएंगे। सभी मैच दिल्ली के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। फॉर्मेट की बात करें तो सभी टीमें 18-18 मैच खेलेंगी। अंक तालिका में टॉप-2 पर जो टीमें होंगी। उन्हें सीधा फाइनल में प्रवेश करने का मौका मिलेगा। यानी दोनों के बीच क्वालिफायर 1 खेला जाएगा। जीतने वाली टीम फाइनल में जाएगी और हारने वाली को एक और मौका मिलेगा।



अंक तालिका में तीसरे और चौथे स्थान की टीम मिनी क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेंगी। जबकि 5वें और 8वें स्थान की टीम प्ले इन के क्वालीफाई करेंगी। 9 से 12वें स्थान की टीमों का सफर लीग स्टेज से ही खत्म हो जाएगा। अंक तालिका के बाद आपको प्रो कबड्डी लीग के फॉर्मेट की डिटेल में जानकारी दी गई है।

# अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना को मिला बड़ा इनाम चुने गए आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा को सितंबर के लिए मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। एशिया कप 2025 में अभिषेक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर महिलाओं में स्मृति मंधाना प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी गई हैं। अभिषेक एशिया कप टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे जिन्होंने 7 मैचों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 314 रन बनाए थे।

आईसीसी ने अभिषेक शर्मा को सितंबर के लिए मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। एशिया कप 2025 में अभिषेक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर महिलाओं में स्मृति मंधाना प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी गई हैं। अभिषेक एशिया कप टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे जिन्होंने 7 मैचों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 314 रन बनाए थे।







वहीं एशिया कप टूनार्मेंट में अभिषेक ने 200 के ताबड़तोड़ स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी भी की थी। वो पूरे टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी रहे। उनके बल्ले से 3 फिफ्टी निकली थीं। जबकि टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा चौके (32) और सबसे ज्यादा छक्के (19) लगाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम पर था। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट भी चुना गया था।

### स्मृति मंधाना बनीं प्लेयर ऑफ द मंथ

वहीं दूसरी तरफ भारतीय महिला स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना का बल्ले से साल 2025 में अब तक वनडे फॉर्मेट में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। सितंबर महीने में मंधाना के बल्ले से प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो कुल 4 मैच खेले जिसमें 77 के शानदार औसत के साथ 308 रन बनाने में कामयाब रही। मंधाना ने इसी के साथ 2 शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी भी खेली। मंधाना का इस दौरान स्ट्राइक रेट 135.68 का देखने को मिला।

मंधाना को उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के चलते आईसीसी की तरफ से ये अवॉर्ड दिया गया। मंधाना ने अपने करियर में दूसरी बार इस अवॉर्ड को जीता है, जिसमें इससे पहले साल 2024 में जून महीने में स्मृति मंधाना ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता था।

# योगी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप को बिहार चुनाव की अहम जिम्मेदारी

## पूर्वी चंपारण की मधुबनी और पिपरा विधानसभा के प्रभारी बनाए गए



**गाजियाबाद/पटना, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को बिहार विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें जिला पूर्वी चंपारण की मधुबनी और पिपरा विधानसभा क्षेत्रों का प्रभारी नियुक्त किया है।

नरेंद्र कश्यप ने बिहार पहुंचते ही रैलियों, जनसभाओं और नुक्कड़ बैठकों की श्रृंखला शुरू कर दी है। वे गांव-गांव जाकर जनता से संवाद कर रहे हैं और एनडीए सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में विकास और विश्वास का माहौल बनाया है। जनता का रुझान स्पष्ट रूप से एनडीए के पक्ष में है और इस बार रिकॉर्ड मतों से विजय तय है।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बिहार पहुंचते ही शुरू किया ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान





### ताबड़तोड़ रैलियों से बढ़ा एनडीए का जनाधार

**करंट क्राइम।** बिहार पहुंचने के बाद नरेंद्र कश्यप लगातार ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।वे छोटी-छोटी चौपालों से लेकर बड़े जनसभाओं तक सक्रिय हैं।स्थानीय मतदाताओं से संवाद कर भाजपा और एनडीए के विकास कार्यों की जानकारी साझा कर रहे हैं।बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता और सहयोगी दलों के प्रतिनिधि भी उनके साथ मिलकर एनडीए के विजय अभियान को धार दे रहे हैं। कश्यप का मुख्य फोकस जनता को यह बताना है कि केंद्र और राज्य सरकार ने हर वर्ग को सशक्त करने वाली योजनाएं चलाई हैं। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में मंत्री नरेंद्र कश्यप की पूर्वी चंपारण, पिपरा और मधुबनी विधानसभा क्षेत्रों में कई बड़ी रैलियां और रोड शो प्रस्तावित हैं। संगठन को उम्मीद है कि उनकी सरल छवि और प्रभावी संवाद शैली एनडीए के लिए शानदार परिणाम लेकर आएगी।

### मोदी-नीतीश की जोड़ी पर जनता का अटूट भरोसा

**करंट क्राइम।** मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और व्यापारियों सभी वर्गों के हित में योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं और नीतीश कुमार का सुशासन मॉडल ने जनता के मन में विश्वास जगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता के जीवन में विश्वास और बदलाव दोनों लाए हैं। इसी भरोसे की जीत इस बार भी एनडीए की होगी।

### योगी का भी रहेगा मैजिक

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह भी कहा कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था को सख्त किया और विकास को प्राथमिकता दी, उसी तर्ज पर बिहार में भी एनडीए सरकार ने अपराधमुक्त और प्रगतिशील शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है।






### आये तो संघ वाले भी नहीं और आई तो हेमा मालिनी भी नहीं रामलीला में

पुरानी रामलीला में इस बार बहुत कुछ नया हुआ। इसमें कोई दोराय नहीं है कि पुरानी रामलीला वालों ने अपने प्रयासों से स्वच्छता का बढ़िया संदेश दिया। ग्लैमर की तरफ भी बढ़े। लेकिन अब जब सबकुछ सम्पन्न हो गया है तो उसके बाद बात इस बात को लेकर उठी कि नई चीजों में ये भी तो गिनाओ कि वो नए मेहमानों को नए अंदाज से निमंत्रण देने गये थे। राम वालों ने ही कहा कि वो हमें बिना बताये डिप्टी सीएम के यहां चले गये और दिल्ली वाले माननीय जी के यहां चले गये। फिर दूसरे राम वाले ने कहा कि तुम कौन सा कम हो और तुम भी चार दिन बाद नहले पर दहला मारने वहां चले गये। नतीजा ये हुआ कि ना एक अक्टूबर की तारीख मिली और ना दो अक्टूबर की तारीख मिली। इस उल्हाने पर पुराने शहर वालों ने ही कहा कि अब इस टॉपिक को खत्म करो। जहां तक बात किसी को बुलाने और आने की है तो आये तो चंपक राय भी नहीं, आई तो हेमा मालिनी भी नहीं और आये तो डिप्टी सीएम भी नहीं।

### बोला सीनियर भाजपाई कृपा वाली लिस्ट से प्लीज मेरा नाम कटवा देना भाई

इंतहा इंतजार की हो गई है और अब सरकार वालों ने ही सब्र कर लिया है। दूसरी पारी में भी अब समय धीरे धीरे तीसरी पारी की ओर बढ़ रहा है। मगर ना किसी को संगठन वाली जिम्मेदारी मिली और ना किसी पर सरकारी कृपा हुई। नामित पार्षद वाली लिस्ट खो गई और जीडीए बोर्ड सदस्य वाली लिस्ट शायद हाईकमान वाले भूल गये। दर्जा प्राप्त वाला सीन केवल शुक्ला जी के साथ हुआ और बाकी आज भी बुके दे रहे हैं और इंतजार कर रहे हैं। देवतुल्य और वफादारी वाली कीड़ा अब बाहर आ गया है और उनकी पीड़ा शब्दों में झलकने लगी है। चर्चा फूल वालों में जब कृपा वाली लिस्ट को लेकर चली तो सीनियर भाजपाई ने जो बात तल्ख लहजे में कही वो सबने सुनी। उन्होंने नाम तो नहीं लिया लेकिन कहा कि वो जो कृपा वाली लिस्ट तैयार हो रही है और गलती से मिस्टेक में उसमें मेरा नाम हो तो प्लीज मेरा नाम कटवा देना भाई। उन्होंने कहा कि अब कुछ लेकर भी क्या फायद है। इससे बेहतर तो हम ना लें तो दावेदारी में तो रहेंगे।

### क्या डेढ साल बाद वास्तव में मचने जा रही है फूल बगिया में भगदड़

सत्तरह में भगवा अंधड़ आया और इस आंधी में समाजवादी से लेकर गांधी तक उड़ गये। नीले झंडे में लिपट कर मरने की कसमें खाने वाले केसरिया कुर्ता पहनने लगे। ध्वज प्रणाम करने लगे और संघ आयु बताने लगे। कुछ तो खाम-खां ही अपनी कार पर फूल वाला झंडा लगाने लगे। मगर फायदा कुछ नहीं हुआ और पहली पारी में सब कहते रह गये कि हुजूर कोई नहीं सुन रहा और कमाल ये हुआ कि सुनवाई दूसरी पारी में भी नहीं हो रही है। अब जो कुछ अंडर करंट चल रहा है वो ये है कि मोहल्लों में एक उबाल है और फूल वाले ने ही कहा कि अब केवल डेढ साल का इंतजार कीजिए और मैं इसी फूल नगर में आपको देवतुल्यों की भगदड़ दिखा दूंगा। बागी अभी राजी नहीं हुए हैं। पार्षदों का पेन ये है कि अगर हमें ही गुहार लगानी है तो फिर जीतें क्यों है और ये कैसी सरकार हमारी है। कहने वाले ने कहा कि आप यकीन मान कर चलना कि ठीक डेढ साल बाद फूल नगरी में भगदड़ मचनी तय है।

# दीपावली पर जगमग होगा खोड़ा, लाइटें ठीक करने का काम शुरू









साहिबाबाद (करंट क्राइम)। दीपावली नजदीक है, अब खोड़ा की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए खोड़ा की सभी खराब लाइटों की रिपेयरिंग और नई लाइटें लगाने का काम शुरू कर दिया है। नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने बताया कि यह लाइट का कार्य खोड़ा की सुरक्षा और रोशनी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। नगर पालिका ने 34 वार्डों में लाइटों को रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया है। वार्ड 1 से 10, 11 से 20, 21 से 34 और मेन रोड की लाइटों का सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस काम के लिए निर्धारित संख्या में कर्मचारियों को लगाकर सभी खराब लाइटों को ठीक करें। मेन रोड की खराब पड़ी लाइटों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कहा कि दीपावली पर खोड़ा जगमग और सुरक्षित दिखाई दे। इसके लिए सभी खराब लाइटों को पहले ठीक कर दिया जाएगा।

अब इन पुरानी लाइटों की जगह एलईडी लाइटें लगाई जा रही हैं। एलईडी लाइटें लगने से बिजली की खपत में करीब 40 प्रतिशत की बचत होगी। दीपावली भर में खराब हो चुकी एलईडी लाइटों को बदलने का काम चल रहा है। साथ ही सड़कों में हो रहे गड्ढों में पैचवर्क का काम भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि त्योहार से पहले ये दोनों महत्वपूर्ण काम पूरे कर लिए जाएंगे। इस पहल से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को आने-जाने में भी सुविधा होगी। दीपावली पर खोड़ा पालिका की जगमगाहट देखने लायक होगी।

# जलालाबाद में गोवंशों की निर्मम हत्या, आक्रोश फैलाया

## शंकराचार्य के गो प्रतिष्ठा आंदोलन ने सख्त कार्रवाई की मांग की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में गोवंशों की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश फैला दिया। घटना की जानकारी पर गो प्रतिष्ठा आंदोलन की टीम ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से बातचीत की।

**क्रूर हत्या से हड़कंप :** कुछ गर्भवती गोमाताओं के पेट चीरकर उनके जीवित बच्चों को वहीं फेंक दिया गया, घटना गन्ने के खेतों के बीच हुई। ग्रामीणों में गहरा रोष और डर व्याप्त है।

**पुलिस कार्रवाई और आंदोलन की मांग :** टीम ने थाना मुरादनगर जाकर पुलिस से जांच की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

गो-प्रतिष्ठा आंदोलन ने दिवाली को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने और गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाई।

### नकली दूध से बनी पनीर की आपूर्ति पर खाद्य विभाग की कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुलंदशहर के डाबर गाँव से नकली दूध से बनी पनीर की आपूर्ति गाजियाबाद के राकेश मार्ग स्थित मां अंबे डेरी पर किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को संबंधित प्रतिष्ठान पर अचानक जांच की गई। कार्यवाही के दौरान टीम ने पनीर का एक नमूना संग्रहित किया तथा नॉन-फ्रीजिंग स्थिति में भंडारित लगभग 75 किलोग्राम पनीर (जिसकी अनुमानित कीमत 27 हजार थी) को मिलावट की आशंका के आधार पर विनष्ट (डिस्ट्रॉय) कराया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि नमूने को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है, और रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## धनतेरस के लिए बना है खास प्लान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से बुधवार की रात कमिश्नरेट वाले सिस्टम के साहब सिटी वाले पुलिस बल के साथ नजर आए हैं। तो वहीं तीनों जोन के डीसीपी भी अपने-अपने इलाकों में देखे गए हैं। बताया जा रहा है कि इधर साहब निकले, तो उधर इलाके वाले भी नजर आने लगे। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि धनतेरस के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा का नया प्लान बनाया गया है। इसके तहत प्रत्येक थानाक्षेत्र के प्रमुख और भीड़भाड़ वाले सुनारों की दुकान के आसपास कैमरों के लिंक से लेकर पुलिस की ड्यूटी और संदिग्धों पर नजर रखने के लिए निजी टीमों को फील्ड पर उतारने की जानकारी मिल रही है। बताया जा रहा है कि धनतेरस वाली दोपहर, शाम और रात को ट्रैफिक के साथ ही थाने वाली पुलिस भी एक्टिव मोड में रखी जाएगी। वहीं सुनने में आया है कि जिस तरीके से बुधवार को कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एक एसीपी साहब से कुछ सवाल पूछे गए हैं, तो वहीं ट्रैफिक वालों को भी ज्ञान दिया गया है। इसके बाद जानकारी



मिल रही है कि यह सब इंतजाम धनतेरस को सुरक्षा, सुरक्षित संपन्न कराने के लिए बनाया जा रहा है। उधर जिस तरीके से लखनऊ वाले साहब ने प्रदेश में आगामी कुछ हफ्तों के लिए पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर ब्रेक लगा दिया है, तो लोकल स्तर पर भी यह लगाम लगाई जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि कई थानों के मुंशी इन दिनों डिमांड में आ गए हैं। एसीपी वाले कार्यालय से ज्याद थाने वाले मुंशी पर ध्यान दिया जा रहा है। उधर जिस तरीके से कमिश्नरेट वाले साहब ने सड़क पर उतर कर संदेश दिया है, तो वही नंबर दो की पोजीशन वाले साहब ने ट्रांस हिंडन के तीन बेहद महत्वपूर्ण थानों का जो अर्दली रूम लिया है, उसकी भी चर्चा सुनाई दे रही है। बताया जा रहा है वैसे किसी को अधिक फटकार तो नहीं लगी है लेकिन जो चेतावनियां दी गई हैं, उनसे कई चौकी वाले तनाव में आ गए हैं। कुल मिलाकर भले अभी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लोकल तबादला वाली लिस्ट को लेकर सस्पेंस बना हुआ है लेकिन दीपावली और छठ पूजा के बाद इस पर फिर विचार और विमर्श होना है। इसके बाद किसकी किस्मत में इन और आउट वाला राउंड आता है, यह देखना अभी बेहद दिलचस्प रहेगा। उधर सूत्र बता रहे हैं की नदिया पार और सिटी वालों के लिए अगले कुछ दिन टेंशन और अटेंशन वाले रहने वाले रहेंगे।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने अटल चौक और परशुराम चौक पर की पैदल गश्त

## थाना प्रभारियों को पुलिस कमिश्नर का निर्देश, बाजारों में नहीं होनी चाहिए कोई वारदात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारी तो खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड सड़कों पर उतर रहे हैं। बुधवार को वह सिटी जोन के कई प्रमुख इलाकों में पैदल मार्च और सड़क पर उतरे। तो गुरुवार को ट्रांस हिंडन जोन के इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में परशुराम चौक से अटल चौक और अग्रसेन चौक पर उन्होंने पैदल गश्त की। इस दौरान डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी को अधिकारियों ने निर्देश दिया है कि बाजारों में त्योहारी सीजन के दौरान किसी प्रकार की वारदात नहीं होनी चाहिए। इस दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्त करने के साथ ड्यूटी प्वांइट पर पुलिस कर्मियों की मौजूदगी अनिवार्य रूप से रहने का निर्देश दिया गया है।

### महिला पुलिसकर्मियों को भी संभालनी है सुरक्षा की कमान



### ट्रैफिक पुलिस भी रहे अलर्ट : पुलिस कमिश्नर

**करंट क्राइम :** गुरुवार को पुलिस कमिश्नर इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के वसुंधरा के कई प्रमुख स्थानों पर पैदल गश्त पर रहे। इस दौरान डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी इंदिरापुरम पुलिस बल के साथ मौजूद रहे, जहां पुलिस कमिश्नर ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से भी बातचीत एवं मुलाकात की। वहीं पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित ड्यूटी लगाई जाए।



### बाजारों में महिला सुरक्षा और एंटी रोमियो स्क्वाड रहेगी मौजूद

**करंट क्राइम :** निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई जाए। महिला पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी पर तैनात किया जाए। एंटी रोमियो स्क्वायड लगाई जाए। महिलाओं के साथ वारदात न होने पाएं। वही थाने की पुलिस को भी एक्टिव मोड में रहने का अल्टीमेट दिया गया है।

# हरनंदीपुरम योजना के अंतर्गत आने वाले एरिया में मिट्टी के अवैध खनन पर वाहन किया सीज

## संबंधित थाने की पुलिस के सहयोग से प्राधिकरण ओएसडी ने की कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित की जा रही प्राधिकरण की महत्वपूर्ण हरनंदीपुरम योजना के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण एरिया में बढती मिट्टी खनन की शिकायतों के बीच प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स महोदय के द्वारा सतत निगरानी के दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में प्राधिकरण के ओएसडी राजीव रत्न सिंह के द्वारा संबंधित थाना पुलिस के सहयोग से देर रात औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मिट्टी का खनन मिलने की स्थिति में एक वाहन को जब्त करते हुए सीज करा दिया गया। हाल ही में मिट्टी का खनन की सूचना पर एक और वाहन को भी सीज कराया गया था।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया सतत निगरानी रखी जाए। ये सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में मिट्टी का अवैध खनन न होने पाए।

# प्रताप विहार : मकान में लगी आग, फायर टीम की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

## ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल तक फैली आग पर दमकल कर्मियों ने बीए सेट पहनकर पाया काबू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के सेक्टर-11 प्रताप विहार स्थित एक मकान में गुरुवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 5 :53 बजे एमडीटी-1487 से सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से एफएसओ सहित फायर यूनिट तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि मकान के ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल पर आग भयंकर रूप से फैल चुकी थी। आग की विकरालता को देखते हुए अतिरिक्त फायर टेंडर भी मौके पर बुलाए गए। धुएं की अधिकता के कारण फायरकर्मियों ने बीए सेट पहनकर अंदर प्रवेश किया और दोनों ओर से होजपाइप लगाकर लगातार पानी डालते हुए आग पर नियंत्रण पाया। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ भरे प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। सौभाग्य से इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना स्थल पर मकान मालिक रमेश भदौरिया निवासी जी-251, सेक्टर-11, प्रताप विहार, गाजियाबाद स्वयं मौजूद रहे। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति

**करंट क्राइम**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह सामने वाले को सम्मान देना जानते हैं। एसीपी कवि नगर सूर्य बली मौर्य और एसएचओ थाना कवि नगर अनुराग शर्मा जब पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल के आवास पर पहुंचे तो उनका स्वागत सम्मान किया गया। पूर्व राज्यसभा सांसद ने अतिथि सम्मान की इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## न्यूज डायरी

### भारत-पनामा ने किया अंतर संसदीय मैत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** भारत और पनामा ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए 20 सदस्यीय अंतर- संसदीय मैत्री समूह का गठन कर दिया है। यह समूह संसदीय कूटनीति को बढ़ावा देगा, सांस्कृतिक और सामाजिक संपर्क स्थापित करेगा। पनामा स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा कि इसी के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध अब नए चरण में प्रवेश कर गए हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा कि राजदूत सुमित सेठ, विदेश संबंध आयोग के अध्यक्ष वॉकिरिया चांडलर और भारत पनामा अंतर-संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष जॉर्ज ब्लोइस के साथ पनामा की नेशनल असेंबली के परिसर में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### तेल के जहाज में भीषण विस्फोट, 10 की मौत

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के बाटम द्वीप पर एक शिपयार्ड में कच्चे पाम तेल के जहाज में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट गया। धमाके की चपेट में 10 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने बताया कि तंजुंगुनकांग बंदरगाह स्थित शिपयार्ड में बुधवार को जहाज की मरम्मत चल रही थी.. तभी उसके टैंक में धमाका हो गया और वहां काम कर रहे कर्मी उसकी चपेट में आ गए।

### 1.37 करोड़ लोग कर रहे गंभीर भुखमरी का सामना

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को दुनियाभर से मिलने वाली सहायता में कटौती के कारण अफगानिस्तान, कांगो, हैती, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान में लगभग 1.37 करोड़ लोग गंभीर भुखमरी के खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने बुधवार को इस खतरे के प्रति चेताया। कहा कि एजेंसी की फंडिंग पहले कभी इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही। उसे 2025 के लिए 40% कम फंडिंग मिलने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित बजट 6.4 अरब डॉलर होगा, जो 2024 के 10 अरब डॉलर से कम है।

### ट्रंप ने बोस्टन में होने वाले फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की दी धमकी

**बोस्टन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले साल उपनगरीय बोस्टन में होने वाले फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की धमकी दी और कहा कि इस शहर के कुछ हिस्सों पर अशांति घर कर गई है। बोस्टन की मेयर और डेमोक्रेट नेता मिशेल वू पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने मंगलवार को कहा, मुझे बोस्टन के लोगों से प्यार है और मुझे पता है कि खेलों के टिकट बिक चुके हैं लेकिन आपकी मेयर अच्छी नहीं हैं। उन्होंने बिना कोई विवरण दिए आरोप लगाया कि वे बोस्टन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर रही हैं और हम उन्हें दो सेकंड में हटा सकते हैं।

### मसालों से बनी रंगोली ने दुबई में बढ़ाई दीपावली उत्सव की रौनक

**दुबई।** संस्कृति और सामुदायिक भावना का जीवंत संगम पेश करते हुए दीपावली पर दुबई के एक बाजार में मसालों से ऐसी रंगोली बनाई गई जिसे खाड़ी देश में सबसे बड़ी रंगोली बताया जा रहा है। मसालों की रंगोली आठ से 26 अक्तूबर तक वाटरफ्रंट मार्केट में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जा रही है। 6 मीटर लंबाई व 6 मीटर चौड़ाई वाली इस विशाल रंगोली को दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग समेत 60 किलो से अधिक विभिन्न मसालों से तैयार किया गया है। ये सभी मसाले वाटरफ्रंट मार्केट से ही लाए गए थे। इस अनूठी कलाकृति ने बाजार के प्रांगण को चटकीले रंगों और सुगंध से भर दिया। इसका ह्यदुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंटह्ल द्वारा शहर भर में आयोजित दिवाली कार्यक्रमों के तहत आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया।

### नेपाल : मधेस प्रांत के नए मुख्यमंत्री बने सोनल

**नेपाल।** नेपाल के मधेस प्रांत में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा) के नेता जितेंद्र सोनल को बुधवार को नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। मधेस प्रांत की प्रमुख सुमित्रा सुवेदी भंडारी ने उन्हें यह पद सौंपा। बुधवार को सोनल ने छह दलों के समर्थन सहित 57 प्रदेश सांसदों के हस्ताक्षर के साथ सरकार गठन का दावा पेश किया था। नेपाली कांग्रेस के नेता कृष्ण प्रसाद यादव ने भी जनमत पार्टी के 13 सांसदों के समर्थन का दावा करते हुए मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश किया था। हालांकि, जनमत पार्टी ने बाद में इस दावे का खंडन कर सोनल का समर्थन किया। मुख्यमंत्री की नियुक्ति को लेकर प्रदेश प्रमुख कार्यालय में दोनों पक्षों के कार्यकर्ता आमने सामने आए, जिससे हल्का तनाव भी उत्पन्न हुआ। जनमत पार्टी के रुख बदलने के बाद कांग्रेस और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) ने मिलकर सरकार गठन की कोशिश की।

### यूक्रेन के रेलवे ढांचों पर हमले बढ़ा रहा रूस

**मास्को।** रूस ने जहां इस माह की शुरूआत में ही उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के शोस्तका रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से हमला किया और ट्रेन के डिब्बों में आग लगा दी तो यूक्रेन ने भी रूस के दक्षिणी बश्कोर्तोस्तान में सबसे बड़े पेट्रोकेमिकल परिसरों में से एक पर हमला कर दिया। यूक्रेनी सैन्य अफसरों ने कहा, रूस के ऐसे हमले मध्य गर्मियों से रेलवे पर हमलों में वृद्धि का संकेत देते हैं, जो वाणिज्यिक और सैन्य रसद के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। शोस्तका में हुए हमले में, विस्फोटकों से लदे दो ड्रोनों ने एक के बाद एक दो यात्री ट्रेनों पर हमला किया। इस बीच यूक्रेनी अधिकारियों ने अमेरिकी हथियार निमार्ताओं से मुलाकात की है।

### डब्ल्यूटीओ में चीन ने की भारत की शिकायत

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत की इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और बैटरी से जुड़ी नीतियों के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत की है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने आरोप लगाया कि भारत जो सब्सिडी दे रहा है, वह डब्ल्यूटीओ के कई नियमों का उल्लंघन है। ये नीतियां विदेशी कंपनियों के साथ भेदभाव करती हैं और घरेलू उद्योग को अनुचित फायदा पहुंचाती हैं।

### सीरिया के पूर्वी क्षेत्र में रक्षा मंत्रालय की बस पर बम हमला

**सीरिया।** गुरुवार को सीरिया के पूर्वी हिस्से में रक्षा मंत्रालय की एक बस पर बम धमाका हुआ, जिसमें कई सैनिक मारे गए और कई घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी टीवी अल-इखबरिया ने दी। धमाका डेर इल-जौर और मायादीन शहरों को जोड़ने वाले रास्ते पर हुआ। सेना के सैनिक उस क्षेत्र की तेल फैक्ट्री की सुरक्षा कर रहे थे, जो तेल से समृद्ध और इराक की सीमा के पास है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि इस हमले में तीन सैनिक मारे गए और नौ घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन यह इलाका पहले आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के छुपे हुए सदस्यों के लिए जाना जाता है। आईएस, जिसने पहले सीरिया और इराक के बड़े हिस्से पर कब्जा किया था, वर्तमान में दमिश्क की नई सरकार के खिलाफ है। दमिश्क की सरकार के मुखिया अहमद अल-शारा, जो कभी अल-कायदा के सीरिया शाखा के प्रमुख थे, ने आईएस से लड़ाई लड़ी है।

### पश्चिमी नेपाल में आया 4.9 तीव्रता का भूकंप, फिलहाल नुकसान की खबर नहीं

**नेपाल।** पश्चिमी नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में गुरुवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। हालांकि भूकंप के झटकों के चलते लोग घरों से बाहर निकल आए। पिछले महीने भी नेपाल में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह 1:08 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र बझांग जिले के दंतोला क्षेत्र में था। बझांग जिला काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। पड़ोसी जिलों बाजुरा, बैतड़ी और दारचुला में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। बता दें कि नेपाल सबसे सक्रिय टेक्टोनिक क्षेत्रों (भूकंपीय क्षेत्र क्ष और श) में से एक में स्थित है, जो बेहद ही संवेदनशील इलाका है। यहां हर साल कई भूकंप आते हैं।
पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

# 'भारत जल्द बंद कर देगा रूसी तेल की खरीद, पीएम मोदी ने किया वादा', ट्रंप ने कहा मेरे दोस्त शानदार

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर इस समय भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऐसा आश्वासन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिया है। उन्होंने इसे रूस पर दबाव बढ़ाने की अपनी कोशिश का हिस्सा बताया। ट्रंप ने कहा कि यही वह तरीका है जिससे रूस को अलग-थलग किया जा सकता है।



### क्या बोले अमेरिकी राष्ट्रपति

ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और दोनों के बीच शानदार संबंध हैं। आगे उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऐसा आश्वासन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिया है। ट्रंप ने कहा कि भारत का यह कदम एक बड़ा कदम है। अब हमें चीन से भी यही करने के लिए कहना होगा।

इस दौरान ट्रंप ने भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और पीएम मोदी की हालिया बैठक पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वे (पीएम मोदी) शानदार और महान व्यक्ति हैं। सर्जियो ने मुझे बताया कि मोदी मुझे पसंद करते हैं। मैं वर्षों से भारत को देख रहा हूं। पहले हर साल एक नया नेता आता, कुछ महीने के लिए, कुछ वर्षों तक रहता। लेकिन अब मेरा मित्र काफी लंबे समय से सत्ता में है और उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे।

**अगर भारत रूस से तेल खरीद बंद कर दे तो क्या?**

भारत अगर टैरिफ के दबाव में आकर रूस से तेल खरीदना बंद कर देता है, तो इससे देश का आयात बिल (क्रूड विल) करीब 12 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के तीसरे सबसे बड़े क्रूड आयातक की प्रतिदिन रिफाइनिंग क्षमता करीब 52 लाख बैरल है। भारत अगर चालू वित्त वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए रूसी तेल खरीद बंद करता है, तो आयात बिल में 9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। 2026-27 के लिए यह बिल बढ़कर 11.7 अरब डॉलर पहुंच सकता है।

आगे बोलते हुए ट्रंप ने यह भी कहा कि ये बदलाव तुरंत लागू नहीं होंगे, लेकिन कुछ समय में इसका प्रभाव दिखेगा।

हालांकि, इस दावे की भारतीय सरकार की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने इस मामले पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कुछ कहा है या नहीं।

गौरतलब है कि भारत चीन के बाद रूस का दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार है। यूक्रेन युद्ध को लेकर अगस्त में रूस पर दबाव बनाने के प्रयास में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि रूसी तेल खरीदकर चीन और भारत यूक्रेन युद्ध को फंड किया जा रहा है। रूसी आपूर्ति अगर बाधित होती है, तो भारत मौजूदा समझौतों के तहत मध्य पूर्वी उत्पादकों की ओर लौट सकता है। इन समझौतों के लचीलेपन का लाभ उठाकर कमी को पूरा कर सकता है। हालांकि, भारत का तेल नेटवर्क लचीला होने के बावजूद रियायती रूसी कच्चे तेल की खरीद बंद होने से ईंधन की बढ़ी लागत के रूप में अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

**कुल आयात में रूस का 35 फीसदी हिस्सा**

यूक्रेन युद्ध को लेकर मॉस्को पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के बीच भारत ने 2022 में भारी छूट पर रूस से कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था। अब यह भारत का सबसे बड़ा क्रूड आपूर्तिकर्ता बन गया है। भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 2024-25 में 35.1 फीसदी पहुंच गई, जो 2019-20 में महज 1.7 फीसदी थी। भारत ने 2024-25 में कुल 24.5 करोड़ मीट्रिक टन कच्चे तेल का आयात किया, जिसमें रूस की हिस्सेदारी 8.8 करोड़ मीट्रिक टन रही।

# भुखमरी की चपेट में आ सकते हैं 1.4 करोड़ लोग डब्ल्यूएफपी ने बताई फंडिंग संकट की वजह

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य सहायता एजेंसी ने बुधवार को कहा कि उसके प्रमुख दानदाताओं द्वारा वित्त पोषण में की गई कटौती से छह देशों में उसकी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। उसने चेताया कि इससे करीब 1.4 करोड़ लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच सकते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष उसका वित्त पोषण अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है।

डब्ल्यूएफपी ने कहा, इस चुनौती का मुख्य कारण अमेरिका (डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत) तथा अन्य प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा अनुदान में की गई भारी कटौती है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि उसकी खाद्य सहायता प्राप्त करने वाले 1.37 करोड़ लोगों को अब आपात स्तर की भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है। जिन देशों में मुख्य व्यवधान देखने को मिल रहे हैं, वे अफगानिस्तान, कांगो, हैती, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान हैं।



**भुखमरी विरोधी प्रगति खोने का खतरा**

डब्ल्यूएफपी ने बताया कि इस साल उसे 40% कम वित्त पोषण मिलने के आसार हैं। इस तरह उसका अनुमानित बजट 10 अरब डॉलर से घटकर 6.4 अरब डॉलर रह जाएगा। एजेंसी की अधिकारी सिंडी मैक्केन ने कहा, यह सिर्फ धन की कमी नहीं, इससे अब तक हुई प्रगति खोने का खतरा है।

# निकल आई दुनिया के शक्तिशाली पासपोर्ट की रैंकिंग पिछड़ा अमेरिका और भारत पहुंचा इन फ्री देशों में

**नई दिल्ली।** दुनिया में किसी देश की कितनी चलती है और किसकी कितनी इज्जत है, इस बात का अंदाजा लगाने वाली हेनले पासपोर्ट की नई लिस्ट सामने आई है। इसे पासपोर्ट की ताकत का ह्यरिपोर्ट कार्डह्ल भी कह सकते हैं, जिस देश का पासपोर्ट जितना ताकतवर, उस देश के लोग उतने ही देश में बिना वीजा लिए यानी बिना पहले से अनुमति लिए सीधा घूमने के लिए जा सकते हैं।

इस साल की लिस्ट ने सभी को चौंका दिया है, क्योंकि जो देश खुद को दुनिया का सबसे ज्यादा ताकतवर समझता है यानी अमेरिका, उसे रैंकिंग के मामले में काफी बड़ा झटका लगा है। पूरे 20 साल पहली बार ऐसा हुआ है कि अमेरिका दुनिया के टॉप 10 ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट से बाहर है। और



वहीं भारत के लिए भी कोई अच्छी खबर नहीं है। देश की रैंकिंग भी नीचे गिर गई है। चलिए जानते हैं कौन से देश शक्तिशाली और कम शक्तिशाली हैं।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की लिस्ट में अमेरिका की रैंकिंग पहले से नीचे चली गई है। इसका असली कारण है अब कई देशों द्वारा अमेरिका को पहले जैसी अहमियत न देना। उदाहरण के तौर पर, ब्राजील ने कहा कि जब अमेरिका हमारे नागरिकों से वीजा मांगता है, तो हम भी उसके नागरिकों से वीजा लेंगे। वहीं, चीन ने यूरोप के कई देशों को बिना वीजा यात्रा की अनुमति दे रखी है, लेकिन अमेरिका को इस सूची से बाहर कर रखा है। इसके अलावा कुछ अन्य देशों ने भी अमेरिका के लिए वीजा नियम सख्त कर दिए हैं।

पहले जो देश अमेरिका के सामने झुकते थे, अब वही उसके साथ बराबरी का व्यवहार करने लगे हैं। इस कारण अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत कमजोर हो गई है। इसके अलावा, चीन 2015 में जहां वह 94वें स्थान पर था, वहीं 2025 में 64वें स्थान पर पहुंच गया है। अब चीनी नागरिक 37 देशों में बिना वीजा या आसान प्रक्रिया से यात्रा कर सकते हैं।

# 'पड़ोसी को बदल तो नहीं सकते, लेकिन...' पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष पर चीन ने क्या कहा?

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पिछले एक सप्ताह के संघर्ष के बाद 48 घंटे का सीजफायर लागू है। बावजूद इसके दोनों देशों के बीच हल्की-फुल्की झड़प की खबरें सामने आ रही हैं। इन सब के बीच इस सीजफायर पर चीन की प्रतिक्रिया सामने आई है।



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हुए इस संघर्ष विराम पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अस्थायी सीजफायर लागू करने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने के पाकिस्तान और अफगानिस्तान के फैसले पर गौर किया। चीन ने स्पष्ट किया कि यह फैसला दोनों पक्षों के साझा हितों को पूरा करता है।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष विराम पर चीन ने रूख किया साफ

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन बार-बार इस संघर्ष के मुद्दे पर अपनी रुख को साफ किया है। चीन का रूस सहित दुनिया भर के देशों के साथ व्यापार और ऊर्जा सहयोग सामान्य है। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि अमेरिका का रुख एकतरफा रहा है और धौंस जमाने वाला रहा है, जिसके कारण दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियमों पर बुरा असर देखने को मिल रहा है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान के कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों देश चीन के मित्रवत पड़ोसी हैं। इस स्थिति में दोनों को बदला नहीं जा सकता है। चीन अपने दोनों देशों का समर्थन करता है कि वे शांत और संयमित रहें।

दोनों देश संवाद कर के ही आपसी मतभेदों को सुलझा सकते हैं। राजनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटें और दोनों देश शांति और स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाए रखें। लिन जियान का कहना है कि हम पाकिस्तान- अफगानिस्तान संबंधों को बेहतर बनाने और विकसित करने में रचनात्मक भूमिका निभाने को तैयार हैं।

### पाकिस्तान- अफगानिस्तान के बीच सीजफायर पर बनी बात

गौरतलब है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष में वर्तमान में अस्थायी युद्धविराम लागू करने पर सहमति बनी है। बता दें कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच आठ अक्तूबर को संघर्ष शुरू हुआ था। दोनों देशों के बीच यह संघर्ष ऐसे समय पर शुरू हुआ जब पाकिस्तान ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्ता के ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने कहा था कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान बॉर्डर पर अफगान तालिबान के हमले को नाकाम कर दिया।

# ट्रंप और शी की जल्द मुलाकात तय

## अमेरिका-चीन ट्रेड वार के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री ने की पुष्टि



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव के बीच एक बड़ा बयान सामने आया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से जल्द मुलाकात तय है। उन्होंने बताया कि यह बैठक संभवतः इस महीने होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होगी। बेसेंट ने कहा कि ट्रंप इस बैठक के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों नेताओं के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है और बातचीत जारी है।

### दोनों देशों के बीच चल रही है उच्च-स्तरीय बातचीत

बेसेंट ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच इस समय उच्च स्तर पर संवाद जारी है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष IMF और वर्ल्ड बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान भी कार्य-स्तरीय चचाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं चीन के साथ चल रही चचाओं को लेकर आशावादी हूं। हम कई स्तरों पर संवाद बढ़ा रहे हैं।

यह बयान ऐसे समय आया है जब दोनों देशों के बीच ट्रेड वार फिर से गर्म हो गया है। हाल ही में चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर नियंत्रण लगाया था, जिसके बाद ट्रंप ने बैठक रद्द करने की धमकी दी थी। इसके जवाब में व्हाइट हाउस ने चीन के खिलाफ नए टैरिफ पैकेज की घोषणा की। ट्रंप ने चीनी आयात पर 100% अतिरिक्त शुल्क लगाने का ऐलान करते हुए कहा था कि अब चीन को हमारे बाजारों में अनुचित लाभ नहीं मिलेगा।

### ट्रंप-शी बैठक से मिल सकता है राहत का रास्ता

विश्लेषकों का मानना है कि अढएउ सम्मेलन में होने वाली यह मुलाकात व्यापार तनाव कम करने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है। दोनों देशों के बीच संवाद बहाल होना, वैश्विक बाजारों में स्थिरता का संकेत दे सकता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के नए 100% अतिरिक्त शुल्क और सॉफ्टवेयर निर्यात नियंत्रण के फैसले के बाद माहौल अभी भी तनावपूर्ण है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर पाबंदी लगाना अमेरिका की आदत बन गई है

चीन ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। सरकार ने कहा कि अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर हजारों चीनी कंपनियों पर एकतरफा पाबंदियां लगाई हैं और अब चीन के सामान्य निर्यात नियंत्रण को राजनीतिक रंग दे रहा है। बीजिंग ने कहा संयुक्त राज्य अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियमों का बार-बार उल्लंघन किया है, जिससे द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को नुकसान पहुंचा है।

**चीन ने कहा- अमेरिका का रुख शत्रुतापूर्ण और दोहरे मानक वाला**

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका के इस कदम पर नाराजगी जताई। मंत्रालय ने कहा कि उच्च टैरिफ की धमकी देना चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है। बीजिंग ने चेतावनी दी कि वह ट्रेड वॉर नहीं चाहता, लेकिन जरूरत पड़ी तो पीछे नहीं हटेगा। चीनी मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका को संवाद और समानता के आधार पर मतभेदों का समाधान करना चाहिए।

# 'आतंकवाद की निंदा, संघर्ष विराम जरूरी' विदेश राज्य मंत्री ने दोहराया फलस्तीन पर भारत का रुख

**फलस्तीन।** फलस्तीन मुद्दे पर भारत ने एक बार फिर अपने सधे और संतुलित रुख को स्पष्ट किया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुट निरपेक्ष आंदोलन की फलस्तीन पर मंत्रीस्तरीय समिति की बैठक में कहा कि भारत हमेशा से आतंकवाद की निंदा करता आया है और नागरिकों के जीवन में फैले विनाश, पीड़ा और निराशा को खत्म करने का पक्षधर है। उन्होंने कहा गाजा को भोजन, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं तक निर्बाध पहुंच मिलनी चाहिए। सभी बंधकों की तुरंत रिहाई और संघर्ष विराम तत्काल लागू होना चाहिए।



### भारत दो-राष्ट्र समाधान के पक्ष में

कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत का फलस्तीन पर ऐतिहासिक रुख रहा है। भारत उन शुरूआती देशों में से है जिन्होंने फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी। हम फलस्तीनी जनता के आत्मनिर्णय, राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता के अविच्छेद्य अधिकारों की पुनः पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतिम लक्ष्य दो-राष्ट्र समाधान है, जिसमें एक स्वतंत्र, संप्रभु और व्यवहार्य फलस्तीन सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर इजराइल के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे।

भारत की मानवीय प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए विदेश राज्य मंत्री ने बताया कि अक्तूबर 2023 से अब तक भारत ने करीब 135 मीट्रिक टन दवाओं और आवश्यक वस्तुओं की सहायता फलस्तीन को दी है। इसके अलावा, भारत संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी को हर साल 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देता है और 40 मिलियन डॉलर के परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

**शांति की उम्मीद फिर जागी है- ट्रंप की योजना की सराहना**

कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि 7 अक्तूबर 2023 से मध्य पूर्व में जो घटनाक्रम हुआ, उसने क्षेत्र और दुनिया को गहराई से प्रभावित किया है, लेकिन अब शांति की उम्मीद फिर से जागी है। उन्होंने बताया कि मैं प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में शर्म अल-शेख में शांति सम्मेलन में शामिल हुआ। भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण का स्वागत करता है और मिस्र व कतर जैसे एनएएम देशों की भूमिका की सराहना करता है, जिन्होंने समझौते को साकार करने में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में भी एक शांतिपूर्ण और स्थिर मध्य पूर्व के निर्माण में योगदान देने और एनएएम के साझेदार देशों के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विदेश राज्य मंत्री और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने माली के विदेश मंत्री अब्दुलाये दियोप से मुलाकात की। यह मुलाकात बेलग्रेड में हो रही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की 19वीं मध्यावधि मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और माली के बीच बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। किर्ती वर्धन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, माली के विदेश मंत्री ल्एए अब्दुलाये दियोप से मुलाकात कर खुशी हुई। हमारी बहुआयामी साझेदारी पर सार्थक चर्चा हुई।

# डॉ. अनिल अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से की मुलाकात, व्यापारिक समझौतों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एचआरआईटी यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने केंद्र सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान दोनों के बीच भारत और अन्य देशों के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौतों से देश के व्यापारिक परिदृश्य पर पड़ने वाले प्रभाव और उससे उत्पन्न होने वाले नए अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई।

डॉ. अग्रवाल ने विशेष रूप से गाज़ियाबाद के एमएसएमई और लघु उद्योगों को इन समझौतों से होने वाले संभावित लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इससे स्थानीय उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचने का मौका मिलेगा। उन्होंने इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान प्रॉक्टर कंपनी के स्वामी चर्चित अग्रवाल, मनोज तिबरेवाल और राहुल गोयल भी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों का परिणाम

# गन्ना किसानों को मिला दीपावली से पूर्व गन्ना भुगतान के 25 करोड़ रुपए का चैक

### किसानों ने किया जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ का आभार प्रकट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद की चीनी मिल मोदीनगर के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में किसानों द्वारा तहसील दिवस, किसान दिवस एवं अन्य मंचों पर गन्ना मूल्य भुगतान की मांग की जा रही थी। तत्क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा चीनी मिल प्रबन्धतंत्र के साथ बैठक कर पेराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य में दीपावली के पर्व से पूर्व अंकन 25 करोड रुपए भुगतान करने के निर्देश दिये गये। साथ ही यदि दीपावली के पर्व से पूर्व यदि चीनी मिल द्वारा उक्तानुसार भुगतान नहीं किया जाता है तो चीनी मिल प्रबन्धतंत्र के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही यथा एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिये गये थे।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के उपरोक्त निर्देशों के क्रम में चीनी मिल मोदीनगर द्वारा दीपावली के पर्व पर गुरुवार को पेराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य भुगतान मद में अंकन 15 करोड रू. का भुगतान किया गया है, जिससे 25 मार्च 2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान हो गया है। उक्त के अतिरिक्त चीनी मिल मोदीनगर द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य भुगतान हेतु अंकन 10 करोड रू. के पोस्ट डेटेड चैक दिये गये है। पोस्टडेटेड चैकों की धनराशि 30-10-2025 तक प्राप्त हो जायेगी, जिससे 31 मार्च 2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान हो जायेगा। जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य का तत्काल भुगतान गतान कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही चीनी मिल मोदीनगर द्वारा पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ माह अक्टूबर 2025 के अन्तिम सप्ताह में किया जायेगा। सभी किसानों द्वारा जिलाधिकारी को दीपावली से पूर्व भुगतान कराने हेतु आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी प्रदीप कुमार, राजन चौधरी, दीपक राणा, चौधरी रामपाल सिंह, वेद पाल सिंह मलिक, डी0डी0कौशिक सहित अन्य किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# गाय के गोबर से जगमगाएगी दीपावली

## नंदी पार्क गौशाला में सवा दो लाख की बिक्री, महिलाओं ने रचा स्वदेशी मिसाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जहां एक ओर दीपावली पर शहर के बाजार रंगीन रोशनी से जगमगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद के नंदी पार्क गौशाला में इस बार गाय के गोबर से बनी दीयों, अगरबत्तियों, हवन सामग्री और लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाओं ने स्वदेशी की खुशबू बिखेर दी है। डूडा विभाग के सहयोग से लगाए गए इन स्टॉल्स पर आने वालों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। सवा दो लाख रुपये की बिक्री कर चुकीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं।

### स्वदेशी मेले में भी गोमय उत्पादों की धूम

**करंट क्राइम।** नंदी पार्क गौशाला के अलावा गाजियाबाद में चल रहे स्वदेशी मेले में भी इन उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट, गोवर्धन प्रतिमाएं और सुगंधित धूप-अगरबत्तियाँ वहां आने वाले आगंतुकों को खूब भा रही हैं। लोग इसे 'देसी और दिव्य दीपावली' की दिशा में एक अनोखा कदम बता रहे हैं।

### गोबर से समृद्धि तक — दीप, धूप और आस्था को नया आकार दे रहीं हैं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं




### महिलाओं के हुनर से गौशाला में महका स्वदेशी उत्सव

**करंट क्राइम।** गाय के गोबर से बने ये उत्पाद न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं बल्कि देसी परंपरा और आत्मनिर्भरता का संगम भी हैं। 10 स्वयं सहायता समूहों की 100 महिलाएं इस पहल से जुड़ी हुई हैं, जिन्होंने अपने हाथों से ये दीये, मूर्तियां, हवन सामग्री और धूपबत्तियां तैयार की हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया, पिछले वर्ष की तरह इस बार भी दीपावली पर स्वच्छ और स्वदेशी त्योहार मनाने की अपील की गई है। महिलाओं का यह योगदान सराहनीय है — वे न केवल गौशाला के संसाधनों का सदुपयोग कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की प्रेरणा भी बन रही हैं।

### 51000 दीपक बने गाय के गोबर से — धार्मिक आस्था से जुड़ी पहल



**करंट क्राइम।** उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज ने बताया कि इस वर्ष लगभग 51,000 दीपक गाय के गोबर से तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा, लोग अब बड़ी संख्या में गोबर से बनी लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं और गोवर्धन मूर्तियाँ खरीद रहे हैं। यह परंपरा और पर्यावरण दोनों के लिए शुभ संकेत है।

### 'गोबर अब बेकार नहीं, रोजगार बन गया'

**करंट क्राइम।** नंदी पार्क गौशाला की यह पहल केवल स्वच्छता या आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था और महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई है। जहाँ पहले गाय का गोबर बेकार माना जाता था, अब वही महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मसम्मान का जरिया बन गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा, इस दीपावली, मिट्टी और गोबर से बने दीये जलाएँ, ताकि हर घर की रोशनी के साथ प्रकृति भी मुस्कराए। यह दीपावली केवल घरों को नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और गायों की उपयोगिता को भी रोशन कर रही है। नंदी पार्क गौशाला की यह स्वदेशी पहल, 'वोकल फॉर लोकल' का सच्चा उदाहरण बन गई है।

## राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियाँ शुरू, मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन और कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक में सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रोटोकॉल से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से अपनी जिम्मेदारियाँ पूरी करें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कमी न रहे।
वीसी के दौरान पुलिस आयुक्त रविन्द्र जे. गौड़, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांडड़, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण विसैन, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट सन्तोष कुमार उपाध्याय, सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएँ सुरक्षित, व्यवस्थित और उच्च स्तर की सुनिश्चित की जाएँ।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दीवाली के बाद दिखेगा फिर से सैफी जी की क्रान्ति का तराना? सुना है नगर निगम पर धरना देने की योजना बना चुकी हैं मोहतरमा रूखसाना? कर ली है सैफी जी ने अपने क्षेत्र में नहीं हुए विकास कार्यों की लिस्ट तैयार? बस इस लिस्ट के दम पर वो धरने की भूमिका कर चुके हैं तैयार? कहने वाले ने कहा गहरा कांटा लगा हुआ है दिल पर? जो दर्द दे रहा है जब से आयें है साहब बेशुमार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमिश्नर मैडम के भगवा हसबैंड एमएलसी चुनाव में पाना चाहते हैं मंडल वाला किरदार? सुना है इस मामले में वो अपनी मैडम से लिखवा चुके हैं दो-दो लैटर विद मैटर बेशुमार? मगर देने वाले ने नहीं दिया है इन पत्रों पर ध्यान? शायद वो एहसास करा रहे हैं? मैडम हमें आपके हसबैंड से नहीं कराना है काम? पूरे मंडल में घूम रहा है इस लैटर का संदेश? आखिर क्यों नहीं दिया जा रहा मिस्टर हसबैंड को किसी भी गतिविधि में स्पेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी चल रही है हैवीवेट वालों के यहां चल रहे नियमित भंडारे पर नजर? हमें देख रहे हैं लगातार कौन जा रहा है उधर? एक घटना को देखकर हुआ हमें एहसास? जहां पर बृज वाले मंडल और यहां के पार्षदों के बीच नहीं है अपनेपन का एहसास? हमें भंडारे पर देखी कुछ ऐसी ही दूरियां? मंडल की टीम तो पूरी मौजूद थी? पार्षदों ने क्यों दूरी बनाई? हमें समझ नहीं आई ये वाली मजबूरियां?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें बहुत अच्छा लगा सांवरिया जी का बयान? उन्होंने हमारी बात के उलट अपने शब्द प्रस्तुत किये हैं? सच में हम उनकी दिलदारी को गये हैं मान? मगर हम उन्हें कहना चाहते हैं कि आयेगा उनका भी दौर और हम उस वक्त दिलायेंगे उनको उनकी बातों पर ही ध्यान? जब एकजुट होने की बेला थी? तब वो कुछ और ही संदेश दे रहे थे श्रीमान? वो भले ही भूल जायें मगर हम इस बात को नहीं भूलेंगे, चाहे सुबह हो या शाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी तरफ से पूछ लेना भगवा रेड फेस मैन से सवाल? अगर उनके जीजा जी ने उनको हाथ के सिम्बल पर जीती हुई विधानसभा का टिकट ऑफर कर दिया? तो फिर क्या रहेगा उनका प्लान? क्या वो करेंगे इस बात पर जीजा जी को इंकार? या फिर वो करायेंगे भगवा से अपने प्यार का इजहार? कहने वाले ने कहा देखना सवाल छपते ही वो बिखेरेंगे अपना भगवा प्रेम? कहने वाले ने कहा बस थोड़ा सा इतिहास को उनके याद रखना? फिर उस हिसाब से तैयार करना उनके शब्दों का फ्रेम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जोनल कार्यालय पर हमें पार्षद नरेश भाटी का अंदाज लगा एकदम खांटी? उनके शब्द ऐसे महसूस हो रहे थे जैसे उन्होंने उठाई हुई हो हाथ में लाठी? मौहल्ले के लिए लाईटें लेने को सुनाई दे रहा था उनका ऑफिस में बहुत ज्यादा शोर? सामने से आवाज आई कि आपका कोटा पूरा हो गया है? अब हम नहीं हैं लाईट देने में आपको श्योर? तब यहां पर भाटी जी ने मारा शब्दों का सोटा? कहा आपका पूरा हो गया होगा, मेरा नहीं हुआ है पूरा कोटा? सुना है ऐसा कह कर दस लाईटें प्राप्त कर ली भाटी जी ने? ऐसा चला उनका मौके पर चौका?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधायक संजीव शर्मा को क्षेत्र की जनता करती है बहुत ज्यादा प्यार? अब जनता को क्या पता था कि विधायक जी को चढ़ गया है बुखार? फेसबुक पर जानकारी डालने के बावजूद भी भारी संख्या में लोगों ने दिये उनको दीदार? लोगों के प्यार को देखकर डर गया विधायक जी का बुखार? हो गये वो एकदम फ्रेश? हमारी हुई उनसे मार्किट में मुलाकात? हमने कहा आपको तो आज घर पर होना चाहिए था साहब? वो बोले जनता करती है मेरे लिए दवाई का काम? इसलिए मैं आपके बीच में हूं मौजूद श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिर आ गई है भगवा कमांडर को अपने प्रिय दिवाकर की याद? सुना है बुखार से उठकर उन्होंने उनके ऑफिस पर जाकर की उनसे मुलाकात? वनवास काटने जैसे हालातों के बीच उन्होंने खूब बिखेरा युवा सिंघल पर अपना प्यार? मगर आजतक ये सामने वो नहीं आने दे रहे कि क्यों नहीं दिया उन्होंने इस चेहरे को महामंत्री वाला किरदार? जैसे कभी साहब से लगाये थे पहलवान के लिए जोर? तब फिर क्यों कमजोर छोड़ दी अपने इस प्रिय की डोर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने मजबूत कर लिया है अपना वाईफाई? मगर अभी तक हमें बिहार चुनाव में नहीं दिखाई दे रहा है गाजियाबाद का कोई भी भाजपाई? वैसे हमें जानकारी है कि पार्टी वालों ने विधायकों को छोड़कर किसी की डयूटी नहीं लगाई? मगर डयूटी ना लगने के बावजूद गाजियाबाद के भाजपाईयों में दिखती है बाहर जाकर चुनाव लड़ाने की अलग ही आग? मगर ऐसा पहली बार हुआ है कि यहां का कोई वहां नही दिख रहा? जबकि चल रहा है इतना बड़ा चुनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम भगवा पहलवान की तीक्ष्ण बुद्धि के हैं कायल? उन्होंने अपनी संस्था को सांसद खेल महोत्सव के नाम से और हाईलाईट कर दिया है? अच्छे अच्छे हो जाते हैं उनके इस तीर से घायल? कहने वाले ने कहा संस्था के बैनर पर मोदी-योगी और सांसद-विधायकों से लेकर नजर आ रहे हैं संगठन वालों के फेस? कहने वाले ने कहा कोई पहलवान से सीखे कि ठाकुर साहब को बुलाकर कैसे मजबूत किया जाता है किसी और की विधानसभा में अपना बेस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# दीपावली पर खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कर्मचारियों को बांटे उपहार









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नगर पालिका के चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने गुरुवार को नगर पालिका के कर्मचारियों को दीपावली के पर्व पर उपहार बांटे। चेयरमैन ने सफाईकर्मियों को साड़ी, बैड सीट और मिठाई के डिब्बों का वितरण किया। महिला कर्मचारियों को साड़ी और मिठाई बांटी गई, जबकि सर्दी के मौसम की शुरूआत होने पर महिला और पुरुष कर्मचारियों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए।

चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने सभी कर्मचारियों से कहा कि दीपों के इस त्योहार को अपने परिवार और बच्चों के साथ हंसी खुशी मनाएं। चेयरमैन से उपहार पाकर सभी कर्मचारियों के

## रेरा समाधान दिवस के आने लगे हैं सकारात्मक परिणाम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में रेरा से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण किए जाने की कड़ी में प्रत्येक माह के बृहस्पतिवार को आरंभ किए गए रेरा समाधान दिवस के सकारात्मक परिणाम आने लगे है। रेरा समाधान दिवस के दौरान तीन आवंटियों/शिकायतकर्ताओं ऋचा सिंघल, खुशबू सिंघल एवं रोहित गोयल का समझौते के आधार पर समझौता राशि का भुगतान किया गया।

इसी के साथ केस को समझौते के आधार पर पूर्णतया समाप्त कराया गया। रेरा समाधान दिवस के दौरान 11 शिकायतकर्ता / आवंटी उपस्थित हुए।

### तीन आवंटियों / शिकायतकर्ताओं को समझौता के आधार पर किया गया भुगतान

इस दौरान तीन शिकायतकर्ता ने समझौता हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने पुनः अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटियों से जुड़ी समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाए, ताकि आवंटियों को रेरा आदि का दरवाजा न खटखटाना न पड़े।

# भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## गन्ना मूल्य का ब्याज सहित भुगतान और आयुष्मान योजना में संशोधन की मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक विस्तृत पत्र लिखा है। पत्र में प्रमुख रूप से गन्ना समर्थन मूल्य 500 रुपए प्रति क्विंटल करने, ब्याज सहित गन्ना भुगतान सुनिश्चित करने और सभी किसान-मजदूरों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग की गई है। जिलाधिकारी, गाजियाबाद के माध्यम से भेजे गए इस ज्ञापन में भाकियू ने कृषि लागत में वृद्धि का हवाला देते हुए गन्ना मूल्य में तत्काल वृद्धि की मांग की है।

**गन्ना मूल्य वृद्धि:** खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए और पिछले वर्षों में गन्ना मूल्य में संतोषजनक वृद्धि न होने के कारण गन्ना समर्थन मूल्य 500 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए।

**ब्याज सहित गन्ना भुगतान:** गन्ना पालिसी और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए किसानों को उनके लंबित गन्ना भुगतान पर ब्याज सहित भुगतान की व्यवस्था तत्काल लागू की जाए।

**खाद की समस्या:** पिछले दो वर्षों से किसानों को पर्याप्त मात्रा में उअढ और यूरिया नहीं मिल पाने के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही, बाजार में भारी मात्रा में नकली डीएपी और एनपीके बिक रहा है, जिसे कठोरता से रोका जाए और किसानों को असली डीएपी, एनपीकेऔर यूरिया उपलब्ध कराया जाए।


**आयुष्मान योजना में संशोधन:** सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना की सराहना करते हुए मांग की गई है कि योजना में संशोधन किया जाए और सभी किसान और मजदूरों को इस योजना का पात्र बनाया जाए।

**ब्याज मुक्त ऋण:** पत्र में डॉ. स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार, किसानों को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है।

**स्मार्ट मीटर का विरोध:** पत्र के विषय में स्मार्ट मीटर न लगाने के संबंध में भी उल्लेख किया गया है, जो किसानों के बीच एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है।

भारतीय किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार कर उचित कार्यवाही नहीं की गई, तो किसान आगे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।